मंदिर की व्यवस्था हेतु 11 सदस्यीय न्यास समिति के गठन किये जाने के संबंध में जिला पदाधिकारी, कटिहार से पर्षदीय पत्रांक–604 दिनांक–21.8.18 द्वारा नामों की मांग की गयी जिसके आलोक में अंचल अधिकारी, मनसाही ने दिनांक–22.01.19 को एक बैठक का आयोजन किया। उक्त दोनों आदेश के विरूद्ध मीरा देवी द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में **सी0डब्लू0जे0सी0 सं0–5714/19** दाखिल कर प्रश्नगत किया गया, जो दिनांक–21.11.2019 को निस्तारित हुआ। जिसमें यचिकाकर्त्ता को यह निर्देश दिया गया कि पर्षद के समक्ष उपस्थित होकर अपना अभ्यावेदन दाखिल करें और पर्षद उनके अभ्यावेदन पर निर्णय के उपरांत समिति गठन आदि के संबंध में कार्यवाही करें, जिसपर**दिनांक–11.12.2020** को सुनवाई में यह उल्लेख किया गया कि किसी भी पक्ष के द्वारा मंदिर के व्यक्तिगत होने के संबंध में कोई भी दस्तावेज नहीं दाखिल किया गया, एकमात्र दस्तावेज जिस पर दोनों पक्ष दावा करते है, वह दानकर्त्ता बाबुलाल द्वारा जो खरपोस भूमि सेवायत को मंदिर की व्यवस्था, देखभाल, भरण–पोषण हेतु किया गया था, उसी के संबंध में है, अतः **दावाकर्त्ता के निजी के दावे को निरस्त करते हुए मौजा नाराणपुर थाना सं0–105, खाता सं0–35, खेसरा सं0–172, एरिया–2.16 एकड़ एवं मौजा घासी टोला खाता सं0–19, रकवा–48 डी0 जो राजस्व अभिलेख में श्री शिवजी के नाम से इन्द्राज है**, के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही किसी भी अधिकारी या न्यायालय में प्रश्नगत नहीं किया गया और न ही प्रश्नगत भूमि के बारे में कोई तथ्य रखा गया । उक्त तिथि को मौजा नारायणपुर एवं घासी टोला की उपरोक्त भूमि पर निर्माण पर रोक लगाते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने का निर्देश दिया गया एवं मंदिर के जीर्णोद्धार, मरम्मति विकास आदि के लिए 07 सदस्यी न्यास समिति गठन किये जाने का निर्णय लिया गया। पर्षद के उक्त आदेश के विरूद्ध श्रीमती मीरा देवी द्वारा **पुनः मा0 उच्च न्यायालय में सी0डब्लू0जे0सी0 सं0–5129/21** दाखिल किया गया ओर उसमें सुनवाई के उपरांत **मा0 उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक–04.03.2023 द्वारा यह निर्देश दिया कि याची जहाँनिवास करती है, उसमें किसी भी प्रकार से अवरोध नहीं किया जाए।**

उपरोक्त तथ्य यह स्पष्ट करतेहैं कि ब्रह्मानंद गोस्वामी गोस्वामी द्वारा दाखिल मिस0 अपील 493/13 का संबंध भूमि मौजा एकौना चकवन की 10 बीघा 01 क0 07 धुर से संबंधित है। उक्त वाद का **मौजा–घासी टोला एवं नारायणपुर** की भूमि से कोई संबंध नहीं है और न ही वो विवादित है और घासी टोला की भूमि जहां पर शिव मंदिर स्थित है, उसमें याची द्वारा दाखिल एक अन्य याचिका **सी0डब्लू0जे0सी0 सं0–5129/21** में केवल याची के निवास स्थान पर सभी प्रकार के अवरोध पर रोक लगायी गयी है।

इस संबंध में उक्त मीरा देवी को अपना पक्ष रखने हेतु **पर्षदीय पत्रांक–1226 दिनांक–14.07.2023 द्वारा** नोटिस निर्गत किया गया तथा उनके द्वारा **दिनांक–03.08.2023** को डाक के माध्यम से अपना प्रति उत्तर दाखिल किया है, उसमें केवल यह उल्लेख है किया है कि मिस0 **अपील 493/13 में दिनांक–27.07.2017** में **यथास्थिति रखने** का आदेश पारित किया गया है तथा एक अन्य याचिका सी0डब्लू0जे0सी0 **सं0–5129/21** विचाराधिन हैजबकि उपरोक्त मिस0 अपील का संबंध में वर्तमान भूमि से नहीं है। दीवानी न्यायालय द्वारा नियुक्त पुजारी श्री दिनेश गोस्वामी की ओर से 02 फोटोग्राफ दाखिल किया गया है जिसमें मीरा देवी के मकान जहां वह निवास जो हरे रंग से दिखाया गया है तथा उसके कुछ दूरी पर ही लगभग 10 से 15 फिट की दूरी पर शिव मंदिर है। मंदिर में एक विशाल गुम्बज है। **फोटोग्राफ से यह स्पष्ट होता है कि उसके उपर की दीवारे टूट रही** है, जिसका भविष्य में भी मरम्मति किया जाना आवश्यक है।

अतः उक्त मंदिर की व्यवस्था हेतु आम सभा **दिनांक–30.05.2023** द्वारा प्रस्तावित है (**प्रस्ताव पर किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं**) के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश दिनांक–

09.08.2023 द्वारा ''**मारंगी शिव मंदिर, घासी टोला, पो0+थाना–मनसाही, जिला–कटिहार**''में सम्यक् रूप से पूजा–पाठ, राग–भोगइसकी सम्पत्तियों की सुरक्षा, सम्यक प्रबंधन के लिए एक योजना का निरूपण करते हुए अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

01. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**मारंगी शिव मंदिर, घासी टोला, पो0+थाना–मनसाही, जिला–कटिहार, न्यास योजना**'' होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**मारंगी शिव मंदिर, घासी टोला, पो0+थाना–मनसाही, जिला–कटिहार, न्यास समिति**''होगी जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार होगा।

02. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

03. न्यास परिसर में जगह–जगह दान–पात्र रखें जायेगें और निर्धारित तिथि को न्यास समिति के सदस्यों के समक्ष दान–पेटी खोल कर राशि की गणना की जायेगी और उस राशि का न्यास केबचत खाता में जमा की जायेगी। न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक्, संधारण किया जायेगाऔर समीप के किसी **राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता** खोलकर जमा किया जायेगा और आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

04. न्यास के खाता का संचालन दो सदस्यों (**अध्यक्ष/सचिव में से एक एवं कोषाध्यक्ष**) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा। न्यास की समग्र आय इस बचत खाता में जमा की जायेगी।

05. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का काई धार्मिक आयोजन/निर्माण/विकास आदि का कार्य करता है और **उसमें 05 लाख से अधिक राशि व्यय** होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगाऔर यदि उपरोक्त राशि **निर्धारित सीमा के अंदर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद** को दी जाय।

06. न्यास समिति अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास **का आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क** आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

07. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक का कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। **अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता** करेंगे।

08. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जोगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

09. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

10. इस योजना में परिवर्तन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

11. कार्यकारणी समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर लिया जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

12. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

13.गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) कोबेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य ''**पशु की क्रुरता एवं वध**'' होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास **समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है :–**

01.श्री बब्बन कुमार सिंह, पिता– श्री बलदेव प्रसाद सिंह ग्राम– घासी टोला	–	अध्यक्ष
02. श्री जयकिशोर सिंह, पिता–स्व0 कृत्यानंद सिंह ग्राम– घासी टोला	–	उपाध्यक्ष
03. श्री दिलारचंद पासवान, पिता–स्व0 महावीर पासवान ग्राम– मनसाही	–	सचिव
04. श्री विपीन कुमार सिंह, पिता–स्व0 बालेश्वर प्र0 सिंह ग्राम–घासीटोला	–	कोषाध्यक्ष
05. श्री संजीव कुमार सिंह, पिता–सुशील कुमार सिंह ग्राम– घासी टोला मारंगी	–	सदस्य
06. श्री नटवर लाल पासवान, पिता–श्री धनेश्वर पासवान	–	सदस्य

ग्राम–मनसाही

07. श्री संत लाल परिहार, पिता–स्व0 देवी परिहार ग्राम–मनसाही – सदस्य

08. श्री रंजीत कुमार सिंह, पिता–स्व0 वशिष्ठ ना0 सिंह – सदस्य

ग्राम–फुलहारा

09. श्री सुधीर सिंह, पिता–स्व0 अयोध्या प्रसाद सिंह ग्राम–घासी टोला– सदस्य

10. श्री आदर्श राठौड़, पिता–श्री संजीव कुमार सिंह ग्राम–घासीटोला – सदस्य

11. श्री यशमिन्द कुमार सिंह, पिता–श्री निर्मल कुमार सिंह – सदस्य

ग्राम–घासीटोला

सभी पो0+थाना–मनसाही, जिला–कटिहार, पिनकोड–854103.

नोटः–**1.न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।**

2. न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,

अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

10 अक्तूबर 2023

सं0 2521——माँ पूरण देवी मंदिर, ग्राम+पो0+थाना–पूर्णियाँ सिटी, जिला–पूर्णियाँ जो पर्षद में सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में निबंधित है, जिसकी निबंधन संख्या–3741/07 है। इस मंदिर में 56 बीघा 18 कट्ठा 08 धुर जमीन है जिसमें 47 बीघा जमीन मंदिर के अधिपत्य में खेती की है और उसपर खेती की जाती है। लगभग 05 बीघा में मंदिर, धर्मशाला आदि स्थित है, 02 बीघा में नदी और श्मशान आदि है।

समय–समय पर मंदिर और उसकी सम्पत्ति की सुरक्षा–व्यवस्था हेतु अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत न्यास समिति का गठन किया जाता रहा है। अधिसूचना ज्ञापांक–2353 दिनांक–30.12.1995 द्वारा 07 सदस्यीय न्यास समिति का गठन किया गया था। न्यास समिति ने अपने 18 वर्ष के कार्यकाल में किसी प्रकार का विकास का कार्य नहीं किया गया, न ही अधिनियम की धारा 59, 60, 70 का अनुपालन किया गया।न्यास समिति के कार्यकलाप को असंतोषजनक पाते हुए अधिनियम की धारा 29(2) के अंतर्गत इसे विघटित कर दिया गया तथा अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पूर्णियाँ के पत्रांक–92/गो0 दिनांक–07.02.2014 द्वारा प्रस्तावित नामों की ग्यारह सदस्यीय न्यास समिति का गठन अधिसूचना ज्ञापांक–454 दिनांक–12.07.2014 द्वारा किया गया।

वर्ष 2014 में गठित न्यास समिति ने भी अधिनियम की धारा 59, 60 एवं 70 के अंतर्गत न तो आय–व्यय विवरणी दाखिल की, न ही कोई शुल्क दाखिल किया और न ही बैठकों का कार्यवृत्त का प्रेषण किया और न्यास समिति का कार्यकाल भी समाप्त हो चुका था। उक्त के आलोक में आदेश ज्ञापांक–2112 दिनांक–15.09.2022 द्वारा अधिनियम की धारा 33 के तहत अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पूर्णियाँ को न्यास का अस्थायी न्यासधारी बनाया गया। साथ ही पर्षदीय पत्रांक–2113 दिनांक–15.09.2022 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पूर्णियाँ से नवीन न्यास समिति गठन हेतु 11 सज्जन व्यक्तियों के नामों की मांग की गयी।

मंदिर की 47 बीघा भूमि मे से 30 बीघा भूमि 03 फरिकेन के द्वारा क्रमशः(1) श्री विनोद मिश्र (2) श्री गिरीश चंद्र मिश्र अपने भाई श्री मनोज मिश्र तथा (03) श्री संतोष मिश्र द्वारा 10–10 बीघा भूमि पर खेती की जाती थी और उसका कोई हिसाब नहीं दिया जाता था। वर्ष 2019 में समिति के अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में 25–25 हजार रूपया तीनों व्यक्तियों को बंदोबस्ती की राशि निर्धारित की गयी, जिसका समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा था।

पर्षद द्वारा कराये गये जांच में पर्षद निरीक्षक ने जांच प्रतिवेदन दिनांक–09.06.2016 में प्रतिवेदित किया है कि "मंदिर की खेती के अतिरिक्त जो चढ़ावा आदि से आय प्राप्त होती है, उसपर भी तीनों मिश्रा परिवार(श्री संतोष मिश्र, पिता– श्री परमांनद मिश्र–पुजारी, श्री विनोद मिश्र, श्री गिरीश मिश्र) के द्वारा पूर्ण रूप से नियंत्रण कर अपने अधिपत्य में लिया जा रहा है और इस संबंध में पूर्व न्यास समिति के सदस्य सह पुजारी (स्व0 राकेश मिश्र) की पत्नी पूनम झा द्वारा लिखित रूप में शिकायत पर्षद से किया है कि विभिन्न प्रकार के पूजा, वाहन पूजा आदि से होनेवाली आय का केवल 20 प्रतिशत ही रसीद काटी जाती है, शेष राशि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा रख लिया जाता है और इन सब का लेखा–जोखा नहीं है। इस **मंदिर में सोना–चांदी आदि धातुओं के चढ़ावे को भी इन्हींलोगो के द्वारा रख** लिया जाता है। मंदिर में **छोटी–बड़ी मिलाकर 04 धर्मशालाएं** हैं, परंतु इसकी प्रबंधन में भी बंदरबांट चल रहा है।

उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर सभी पक्षों का नोटिस भेजकर उन्हें विस्तार पूर्वक दिनांक–07.09.2022, 04.11.2022, 08.02.2023, 17.03.2023, 19.05.2023 एवं 24.06.2023 को सुना गया । अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में मिश्रा परिवार जमा करने को कहा गया। जिसका अनुपालन करते उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा वर्ष 2023 तक की राशि जमा करने की बात बतायी गयी है, मात्र 3000/–रूपये शेष राशि श्री विनोद मिश्र के विरूद्ध निकलते हैं।

पूर्व सदस्य सह–पुजारी की पत्नी श्रीमति पूनम झा द्वारा मंदिर की आय से संबंधित ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2013–2014 से 2018–19 तक की छायाप्रति दाखिल की गयी, जबकि समिति के अध्यक्ष व सचिव द्वारा इस संदर्भ में किसी प्रकार की कोई

जानकारी या पहल नहीं की गयी। जबकि उक्त कार्य करने की जिम्मेदारी अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष की होती है। कोषाध्यक्ष श्री महाराणा प्रताप द्वारा भी अव्यवस्था के कारण अपना त्याग–पत्र दिया जा चुका है।

दिनांक–24.08.2023को सुनवाई के दौरान श्रीमति पूनम झा द्वारा पासबुक की छायाप्रति प्रस्तुत की गयी, जिससे स्पष्ट होता है कि मंदिर (मॉ पूरण देवी विकास क्लव)के नाम से संचालित बैंक खाता(बैंक ऑफ बड़ौदा, गुलाब बाग) खाता सं0–00130100014719 में आज की तिथि में 43,60,368/–रू0 दर्शित हो रहा है।

उपरोक्त परिस्थितियॉ स्पष्ट करती है कि मिश्रा परिवार द्वारा मंदिर को पूर्ण रूप से अपने नियंत्रण में रखकर मंदिर की सभी प्रकार की आय, चढ़ावा(नगद, धातु) आदि सहित अपने पास रखकर उसको निजी प्रयोग में लिया जा रहा है और न्यास समिति भी प्रभावी नहीं थी। पर्षद द्वारा न्यास समिति गठन किये जाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पूर्णियॉ को पत्राचार करने एवं दूरभाष पर सम्पर्क किये जाने के उपरांत उनके द्वारा पत्रांक–1670/गो0 दिनांक–01.08.2023 द्वारा 14 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया। इन नामों के संबंध में उपस्थित व्यक्तियों द्वारा सूचना दी गयी कि श्री संजय कुमार राय एवं श्री राकेश राय सहोदर भाई है और पूर्व की समिति में भी श्री संजय राय रह चुके है परंतु इनका कार्य भी संतोषजनक नहीं रहा है।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 **43 (द)** के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश **दिनांक–24.08.2023** द्वारा ''**मॉ पूरण देवी मंदिर, ग्राम+पो0+थाना– पूर्णियॉ सिटी, जिला– पूर्णियॉ**''के सम्यक् रूप से राग–भोग, पूजा–पाठ, उसकी आय का प्रबंधन एवं उसकी सम्पत्तियों केसंरक्षण एवं सुरक्षित रखने हेतु एक योजना का निरूपण किया जाता है।

योजना

01. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**मॉ पूरण देवी मंदिर, ग्राम+पो0+थाना– पूर्णियॉ सिटी, जिला– पूर्णियॉ,न्यास योजना**'' होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**मॉ पूरण देवी मंदिर, ग्राम+पो0+थाना– पूर्णियॉ सिटी, जिला– पूर्णियॉ, न्यास समिति**'' होगी जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार होगा।

02. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

03. न्यास परिसर में जगह–जगह दान–पात्र रखें जायेगें और निर्धारित तिथि को न्यास समिति के सदस्यों के **समक्ष दान–पेटी खोल कर राशि की गणना की जायेगी और उस राशि और धर्मशाला, किराये आदि मद से प्राप्त सभी प्रकार की राशि (न्यास की समग्र आय) को न्यास** के बचत खाता में जमा की जायेगी।

04. मंदिर में स्थित चारों धर्मशाला की पूरी व्यवस्था न्यास समिति द्वारा की जायेगी। मंदिर प्रांगण में जो 04 दुकानें हैं, उनको एक जगह व्यवस्थित करने की व्यवस्था की जाये। सभी दुकानों के संबंध में **न्यास समिति को नये सिरे से अधिनियम की धारा–51 के तहत वर्तमान बाजार दर के समतुल्य किराया निर्धारित करने का अधिकार होगा।** यदि कोई पूर्व से व्यवसाय कर रहें हैं तो उन्हें कुछ प्रतिशत की छूट देते हुए उन दुकानों की **बंदोबस्ती अधिक से अधिक 03 वर्ष के लिए अधिनियम की धारा 44 के अंतर्गत** की जायेगी। किराया आदि से प्राप्त सभी राशि न्यास के बचत खाता में जमा की जायेगी और उसकी रसीद न्यास समिति को दिया जायेगा।

05. मंदिर की 30 बीघा भूमि की **बंदोबस्ती पूर्व से मिश्रा परिवार द्वारा** किया जा रहा है, उसे उस क्षेत्र में प्रचलित **बंदोबस्ती दर से अधिकतम 20 प्रतिशत की छूट देते हुए,** यदि वे लोग लेने को इच्छुक हो, तो प्रतिवर्ष के दर पर दी जा सकती है। **अन्यथा खुली डाक द्वारा बोली लगाकर उसकी बंदोबस्ती की जायेगी। बंदोबस्ती की राशि सीधे मंदिर के नाम से खोले गये बचत खाता में जमा किया जायेगा और उसके रसीद की छायाप्रति न्यास के अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष को उपलब्ध कराया जायेगा।**

06. न्यास का बचत खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में खोला जायेगा और खाता का संचालन दो सदस्यों (**सचिवएवं कोषाध्यक्ष**) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा। **10,000/–रूपयें** या उससे अधिक का व्यय का भुगतान चेक द्वारा किया जायेगा एवं अन्य व्यय भी मंदिर के खाते से निकासी कर ही किया जायेगा।

08. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का कोई धार्मिक आयोजन/निर्माण/विकास आदि से संबंधित कोई कार्य करते हो और **उसमें 05 लाख से अधिक** राशि व्यय होने का अनुमान होतो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगाऔर यदि उपरोक्त राशि **निर्धारित सीमा के अंदर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को** दी जायेगी ।

09. न्यास समिति अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास का आय–व्यय **की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क** आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

10. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक का कार्यवृत्त पर्षद कोप्रेषित की जायेगी। **अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।**

11. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जाएगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

13. इस योजना में परिवर्तन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

14. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं **तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर** लिया जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

15. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के उपरांत सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता समाप्त की जा सकती है।

16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) कोबेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य **"पशु की क्रुरता एवं वध"** होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति **का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष** के लिए किया जाता है**तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्यकाल विस्तार पर विचार किया जायेगा।**

01. अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पूर्णियॉ Email-Sdo.purnea.sadar@gmail.com	–	**पदेन अध्यक्ष**
02. अंचल अधिकारी, पूर्णियॉ पूर्व Email-co.peast@gmail.com	–	**पदेन उपाध्यक्ष**
03. श्री मृगेंद्र देव, रामबाग	–	**उपाध्यक्ष–II**
04. श्रीमति पूनम झा, पति स्व0 राकेश कु0 मिश्र	–	**सचिव**
05.श्री राजेन्द्र संचेती, संचेती हाउस, चांदनी चौक	–	**कोषाध्यक्ष**
06. श्री मनोज सिंह सिनियर, गोकुल कृष्ण आश्रम	–	**सदस्य**
07. श्री विजय शंकर सिंह, जिला स्कूल मार्ग, खीरू चौक	–	**सदस्य**
08. श्री आतिश कुमार सनातनी, वार्ड नं0–23	–	**सदस्य**
09. डॉ0 सत्यप्रकाश, मधुबनी, कृष्णापुरी यादव टोला	–	**सदस्य**
10. डॉ0 आलोक कुमार हाउस नं0–46, जिला स्कूल रोड	–	**सदस्य**
11. श्री राजकुमार यादव, वार्ड नं0–40, सुभाष नगर, खुश्की बाग	–	**सदस्य**

सभी का पता– पूरण देवी मंदिर, ग्राम+पो0– पूर्णियॉ सिटी, थाना–सदर, जिला– पूर्णियॉ, पिनकोड–854302.

पूर्व से ही पुजारी का कार्य कर रहें श्री **परमानंद मिश्र को मंदिर में केवल पूजा–पाठ करने के लिए अधिकृत** किया जाता है। न्यास समिति परमानंद मिश्र को पूजा–पाठ, राग–भोग करने के **लिए एक निर्धारित भत्ता देने पर विचार कर सकती** है, परंतु पुजारी को **मंदिर की भूमि खेती, चढ़ावा, सोना–चांदी धातु, दान–पेटी या किराया, धर्मशाला आदि के संबंध में किसी प्रकार का कोई अधिकार** नहीं रहेगा।

न्यास समिति यदि कुछ अन्य पुजारी को पूजा–पाठ के उद्देश्य से रखना चाहती है तो उसकी नियुक्ति के लिए स्वतंत्र होगी।

न्यास समिति मंदिर की व्यवस्था/साफ–सफाई आदि के लिए यदि आवश्यक समझें जो **कुछ व्यक्तियों को पारदर्शिता का पालन करते हुए मासिक राशि पर पूर्णतया अस्थायी रूप से नियुक्त** कर सकती है।

न्यास समिति को यह निर्देश दिया जाता है कि मंदिर के खाता में जमा राशि की सुरक्षा हेतु **कुल राशि में से 25 लाख रूपयें** का **फिक्स डिपोजिटमंदिर के नाम से 01 वर्ष** के लिए करें और आवश्यकता पड़ने पर पर्षद से अनुमति प्राप्त कर उस एफ0डी0 से राशि की निकासी की जा सकती है।

नोट :–1.**न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।**

2. न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

21 सितम्बर 2023

सं0 2245––**श्री** लक्ष्मीनारायण देव ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पो0–दिलारपुर, थाना+अंचल–मनिहारी, जिला–कटिहार पर्षद के अंतर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है जिसकी निबंधन संख्या–4703/2023 है। इसमें थाना सं0–300, खाता सं0–507, खेसरा सं0–1350, 1346, 1348 कुल रकबा–1.67 ए0 भूमि है जो क्रमिक एवं सर्वे खतियान में **"श्री लक्ष्मी नारायण देव"** के नाम से इन्द्राज है।

उक्त मंदिर का जीर्णोद्धार, व्यवस्था, संचालन हेतु ग्रामीणों द्वारा आम सभा करके दिनांक– 18.10.2022 को 13 व्यक्तियों के न्यास समिति बनाए जाने का प्रस्ताव पारित कर पर्षद को उपलब्ध कराया गया है। खतियान से भी स्पष्ट होता है कि उक्त मंदिर की देखभाल हेतु में श्री हरि प्रसाद पाण्डेय, कृष्ण प्रसाद पाण्डेय एवं गोविन्द प्रसाद पाण्डेय सेवायत के रूप

में इन्द्राज थे, परंतु तीनों व्यक्तियों का देहांत हो चुका है और ऐसा कोई दस्तावेज पर्षद के समक्ष किसी भी व्यक्ति द्वारा दाखिल नहीं किया गया है कि उपरोक्त सेवायतों द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को सेवायत नियुक्त किया गया हो, या मंदिर के देखभाल हेतु किसी अन्य व्यक्ति को सेवायत किस तरह नियुक्त किये जाएगे, ऐसा कोई विलेख नहीं है।

दिनांक–09.08.2023 को श्री उमानाथ पाण्डेय एवं श्री दिवाकर पाण्डेय पर्षद के समक्ष उपस्थित होकर कथन करते हैं कि "कुछ भू–माफियाओं द्वारा मंदिर की भूमि को हड़पने के उद्देश्य से फर्जी व्यक्तियों को खड़ा करके न्यास भूमि को क्रय–विक्रय किया जा रहा है और उक्त के संबंध में दिनांक–24.05.2023 को कुछ व्यक्तियों द्वारा मंदिर की उपरोक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर बगैरह चला रहें थे, जिसपर मना करने पर कुछ ग्रामीणों के साथ मारपीट की गयी। इस संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट मनिहारी केस सं0–108/2023 दर्ज करायी गयी, जिसकी छायाप्रति संलग्न की गयी, जिससे स्पष्ट होता है कि उक्त केस में 06 व्यक्ति नामित किए गये हैं।"

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश **दिनांक–09.08.2023** द्वारा "**श्री लक्ष्मीनारायण देव ठाकुरबाड़ी**, ग्राम+पो0–दिलारपुर, थाना+अंचल–मनिहारी, जिला–कटिहार"के जीर्णोद्धार, सम्यक् रूप से राग–भोग, पूजा–पाठ, उसकी आय का प्रबंधन एवं सम्पत्तियों केसंरक्षण एवं सुरक्षित रखने हेतु एक न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से **01** वर्ष के लिए किया जाता है ।

योजना

01. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम "**श्री लक्ष्मीनारायण देव ठाकुरबाड़ी**, ग्राम+पो0–दिलारपुर, थाना+अंचल–मनिहारी, जिला–कटिहार"न्यास योजना होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित समिति का नाम "**श्री लक्ष्मीनारायण देव ठाकुरबाड़ी**, ग्राम+पो0–दिलारपुर, थाना+अंचल–मनिहारी, जिला–कटिहार न्यास समिति"होगी। जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार होगा।

02. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

03. न्यास परिसर में जगह–जगह दान–पात्र रखें जायेगें और निर्धारित तिथि को न्यास समिति के सदस्यों के समक्ष दान–पेटी खोल कर राशि की गणना की जायेगी और उस राशि का न्यास के बचत खाता में जमा की जायेगी। न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक्, संधारण किया जायेगा और समीप के **किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता** खोलकर जमा किया जायेगा और आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर व्यय किया जायेगा।

04. न्यास के खाता का संचालन अध्यक्ष/**सचिवएवं कोषाध्यक्ष** के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा। **न्यास की समग्र आय इस बचत खाता में जमा की जायेगी।**

05. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का धार्मिक आयोजन/निर्माण/विकास आदि का कोई भी कार्य करता है और **उसमें 05 लाख**से अधिक राशि व्यय होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगाऔर यदि **उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा** के **अंदर** आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जायेगी।

06. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को भूमि के किसी भी प्रकार से क्रय–विक्रय, बंधक रखने का अधिकार नहीं होगा और **अधिकतम 02 वर्ष के लिए बंदोबस्ती की** जा सकती है। बंदोबस्ती के संबंध में नियमित रूप से एक रजिस्टर का संधारण किया जायेगा।न्यास समिति अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास का **आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क आदि** ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

07. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक का कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष न्यास समिति की बैठक करेंगे।

08. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जाएगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

09. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

10. इस योजना में परिवर्तन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

11. न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

12. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

13.गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) कोबेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य "**पशु की क्रुरता एवं वध**" होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास **समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाताहै।**

01. अंचल अधिकारी, मनिहारी – **पदेन अध्यक्ष**

02. श्री उमानाथ पाण्डेय पिता–स्व0 गोविन्द प्रसाद पाण्डेय	–	सचिव
03. श्री संजीव कुमार पाण्डेय पिता– स्व0 रामानाथ पाण्डेय	–	कोषाध्यक्ष
04. श्री दिवाकर पाण्डेय पिता–स्व0 गोपाल चन्द पाण्डेय	–	सदस्य
05. श्री प्रद्ययुम्न पाण्डेय पिता–स्व0 गोपीनाथ पाण्डेय	–	सदस्य
06.श्री पंकज पाण्डेय पिता– स्व0 गोपाल चन्द्र पाण्डेय	–	सदस्य
07. श्री चन्द्रभूषण पाण्डेय पिता–स्व0 बलराम पाण्डेय	–	सदस्य
08. श्री विमल पाण्डेय पिता–स्व0 गोपाल चन्द्र पाण्डेय	–	सदस्य
09. श्री राजीव रंजन पाण्डेय पिता– स्व0 गोपीनाथ पाण्डेय	–	सदस्य
10. श्री रवि पाण्डेय पिता– स्व0 बलराम पाण्डेय	–	सदस्य
11. श्री अभिषेक पाण्डेय पिता– श्री उमानाथ पाण्डेय	–	सदस्य

सभी ग्राम+पो0–दिलारपुर, थाना–मनिहारी, जिला– कटिहार, पिनकोड–854113.

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेखों में संबंधित भूमि "**श्री लक्ष्मी नारायण देव**"के नाम में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–1.**न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।**

2. न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/ विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

25 सितम्बर 2023

सं0 2339——**श्रीश्री** 108 कष्टहरण नाथ शिव मंदिर (गौरी शंकर मंदिर), अमला टोला, मंगल बाजार,पुराना बाटा चौक, राजेन्द्र पथ, जिला–कटिहार पर्षद के अंतर्गत एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास के रूप में निबंधित है, जिसकी निबंधन संख्या–4729 है। यह मंदिर कटिहार नगर निगम, वार्ड सं0–07 नया वार्ड सं0–30 के अंतर्गत जिसकी खाता सं0–105, खेसरा सं0–10 एवं 11 क ख ग घ च छ रकवा–0.15.70 हे0 यानी 39.85 डी0 है, पर स्थित है। जिसकी जमाबंदी सं0–105 है। मंदिर परिसर में तीस दुकानें एवं एक विवाह भवन है।

विवाह भवन बनाए जाने का प्रस्ताव तत्कालीन अंचल अधिकारी, कटिहार (अस्थायी न्यासधारी) ने पत्रांक–312 दिनांक–23.03.2010 को 46x38में विवाह भवन बनाने की अनुमति हेतु प्रस्ताव दिया गया। तत्कालीन प्रशासक द्वारा पर्षदीय पत्रांक–114 दिनांक–26.04.2010 इस शर्त्त पर विवाह भवन निर्माण करने की अनुमति दी कि इसपर मंदिर का अधिकार अक्षुण्ण रहेगा। उक्त आदेश के आलोक में दिनांक–07.07.2012 को साधारण 100/–रू0 के स्टाम्प पर दोनों पक्षों के बीच एकरारनामा किया गया। जिसमें किराये की राशि 29,040/–रू0 प्रतिवर्ष निर्धारित की गयी। विवाह भवन 02 मंजिला होगा, यदि मंदिर के विस्तार की आवश्यकता होगी तो द्वितीय पक्षकार उक्त भूमि पर कोई दावा नहीं करेंगे।

उक्त एकरारनामा आज से लगभग 11 वर्ष पूर्व किया गया, जिसमें आज तक किसी किराये में कोई वृद्धि नहीं की गयी है, उपस्थित श्री हेमचन्द्र भारती एवं उनके पुत्र श्री टीपू भारती का कथन है कि एक शादी में लगभग 11,000/–रू0 लेते है और गरीब व्यक्तियों से राशि कम ली जाती है। हेमचन्द्र भारती का मंदिर में पुजारी है और इन्हें 2100/– प्रतिमाह मिलता है।

मंदिर की दान–पेटी या चढ़ावा से उनका कोई संबंध नहीं है। अंचल अधिकारी, कटिहार ने पत्रांक–2695 दिनांक–22. 6.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया है कि मंदिर में 30 दुकानें है और सभी दुकानदारों से 7/– प्रति वर्ग फिट की दर से किराया की वसूली की जा रही है। दुकानदारों द्वारा किराया अंचल कार्यालय में जमा कर नाजीर से रसीद प्राप्त किया जाता है। श्री दयाकांत झा केयर टेकर द्वारा मंदिर की साफ–सफाई में कोई दिलचस्पी नहीं ली जाती है। अपने प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी द्वारा तीस दुकादारों के नाम एवं बकाया किराया राशि का उल्लेख किया है। साथ ही न्यास समिति गठन हेतु अपनी अध्यक्षता में दस लोगों के नामों का प्रस्ताव भी दिया है।

प्रस्तावित नामों में क्रम सं0–15 पर श्री शुभम सौरभ पिता–श्री ब्रजेश चौधरी मंदिर प्रांगण में व्यवसाय करने वाले है, जिनके विरूद्ध वर्ष 2013 से किराया की राशि बकाया है। श्री रमण कुमार बाल एवं श्री संजीव कुमार यादव के बारें में उपस्थित श्री हेमचन्द्र भारती को कोई जानकारी नहीं है।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 में धार्मिक न्यास पर्षद प्रदत्त अधिकार, जो धार्मिक न्यास की उपविधि सं0 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है, का प्रयोग करते हुए आदेश **दिनांक–24.08.23** द्वारा **''श्रीश्री 108 कष्टहरण नाथ शिव मंदिर (गौरी शंकर मंदिर), अमला टोला, मंगल बाजार, पुराना बाटा चौक, राजेन्द्र पथ, जिला–कटिहार''**के सम्यक् रूप से राग–भोग, पूजा–पाठ, उसकी आय का प्रबंधन एवं सम्पत्तियों केसंरक्षण एवं सुरक्षित रखने हेतु एक योजना का निरूपण किया जाता है।

योजना

01. अधिनियम की धारा–32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम **''श्रीश्री 108 कष्टहरण नाथ शिव मंदिर (गौरी शंकर मंदिर), अमला टोला, मंगल बाजार, पुराना बाटा चौक, राजेन्द्र पथ, जिला–कटिहार,न्यास योजना''** होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**''श्रीश्री 108 कष्टहरण नाथ शिव मंदिर (गौरी शंकर मंदिर), अमला टोला, मंगल बाजार, पुराना बाटा चौक, राजेन्द्र पथ, जिला–कटिहार, न्यास समिति''** होगी जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार होगा।

02. इस न्यास समिति का प्रमुख कर्त्तव्य न्यास की सम्पत्ति की सुरक्षा, विकास एवं सुसंचालन तथा मंदिर की परम्परा एवं आचारों के अनुकूल पूजा–पाठ एवं साधु–सेवा की समुचित व्यवस्था करना होगा।

03. न्यास परिसर में जगह–जगह दान–पात्र रखें जायेगें और निर्धारित तिथि को न्यास समिति के सदस्यों के **समक्ष दान–पेटी खोल कर राशि की गणना की जायेगी और उस राशि और किराये आदि मद से प्राप्त सभी प्रकार की राशि (न्यास की समग्र आय) को न्यास के बचत खाता में जमा की जायेगी।**

04. न्यास समिति मंदिर केप्रांगण में जो विवाह भवन संचालित हो रहा है, उस संबंध में किराये के मूल्यांकन बाजार दर परनिर्धारित करें और यदि बाजार मूल्य 20/– प्रति वर्गफिट या शादी, तिलक आदि आयोजनों में जो बुकिंग की जाती है, उसका 15 से 20 प्रतिशत के बीच रखकर, प्रस्ताव पास का पर्षद को अनुमोदन हेतु भेजें।

05. दुकानदारों का किराया भी स्कायर फिट पर निर्धारित का अनुमोदन हेतु पर्षद को भेजें। अंचल अधिकारी ने प्रतिवेदित किया है कि **बाजार मूल्य 20/–वर्ग फिट** है। दुकानदार एवं मंदिर न्यास समिति के बीच किराया बढ़ोतरी को लेकर कोई विवाद उत्पन्न न हो, इस लिए बढ़ोतरी की **राशि अधिकतम 5–10 प्रतिशत के बीच** रखी जा सकती है। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि किराये की राशि में प्रति वर्ष बढ़ोतरी होती रहेगी।

06. न्यास समिति इस बात पर भी प्रस्ताव पास करें कि श्री हेमचन्द्र भारती द्वारा मंदिर में पूजा–पाठ किया जाता है और मासिक भुगतान के रूप में जो राशि दी जा रही है, उस पर विचार कर पुनः राशि निर्धारित करें।

07. न्यास का बचत खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में खोला जायेगा और खाता का संचालन दो सदस्यों (**सचिव एवं कोषाध्यक्ष**) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा। **10,000/–रूपयें** या उससे अधिक का व्यय का भुगतान चेक द्वारा किया जायेगा एवं अन्य व्यय भी मंदिर के खाते से निकासी कर ही किया जायेगा।

08. न्यास समिति यदि किसी प्रकार का काई धार्मिक आयोजन/निर्माण/विकास आदि का कार्य करता है और **उसमें 05 लाख से अधिक** राशि व्यय होने का अनुमान हो तो खर्च करने से पूर्व पर्षद से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा और यदि उपरोक्त राशि निर्धारित सीमा के अंदर आती है तो भी उसकी सूचना पर्षद को दी जायेगी ।

09. न्यास समिति अधिनियम एवं उप–विधि में वर्णित सभी नियमों का पालन करते हुए प्रतिवर्ष न्यास का **आय–व्यय की विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत एवं पर्षद शुल्क** आदि ससमय सम्यक रूप से पर्षद को प्रेषित करेगी।

10. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव न्यास समिति की बैठक आहूत करेंगे। न्यास समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार अवश्य बुलायी जायेगी और बैठक का कार्यवृत्त पर्षद को प्रेषित की जायेगी। **अध्यक्ष के अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उपाध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता करेंगे।**

11. न्यास समिति द्वारा कोई नयी योजना न्यास हित में आवश्यक समझा जाएगा तो इस हेतु निर्धारित विशेष बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद को अनुमोदन के लिए भेजेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगा।

13. इस योजना में परिवर्तन, परिबर्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

14. न्यास समिति के किसी भी सदस्य को न्यास की अचल सम्पत्ति को बिक्री करने, बदलैन करने एवं तीन वर्ष से अधिक अवधि के लिए किराया देने का कोई अधिकार नहीं होगा जबतक कि लिखित रूप में इस संबंध में पूर्व सहमति पर्षद से प्राप्त नहीं कर लिया जाय। साथ ही न्यास समिति के सदस्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यास से लाभ उठाते पाए जायेंगे या न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे तो इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त कर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

15. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो सदस्य बने रहने की उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1990 (पी0सी0ए0) की धारा–11, भारतीय दंड संहिता (I.P.C) की धारा–428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। अतः न्यास/मठ/मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के पशुओं (गोवंश/गोधन) कोबेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नही देना/ऐसा कोई कृत्य,

प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जिसका उद्देश्य "**पशु की क्रुरता एवं वध**" होता हो या उक्त कार्यो का बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी/सेवायत/महंत/न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की यास समिति **का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष** के लिए किया जाता है :—

1. अंचल अधिकारी, कटिहार	—	**पदेन अध्यक्ष**
2. श्री अभय कुमार, पिता—स्व0 बासदेव मेहता, कालोनी नं0—01, कटिहार।	—	**उपाध्यक्ष**
3. श्री शंकर प्रसाद गुप्ता पिता—स्व0 मोहन प्रसाद गुप्ता, दुर्गा स्थान, कटिहार	—	**सचिव**
4. श्री नंद कुमार गुप्ता पे0—स्व0 लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता मंगल बाजार, कटिहार।	—	**कोषाध्यक्ष**
5. श्री विजय भगत पे0—श्री सदानंद भगत ललीयाही, कटिहार।	—	**सदस्य**
6. श्री दीपक कुमार पे0—ध्रुव प्रसाद गुप्ता, मंगल बाजार, कटिहार।	—	**सदस्य**
7. श्री राजेश कुमार केशरी पिता—ताराकिशोर प्र0 केशरी, न्यू मार्केट, कटिहार।	—	**सदस्य**
8. श्री रामलखन साह पे0—स्व0 गंगा प्रसाद मनिया, कटिहार।	—	**सदस्य**

नोटः—**1. न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।**

2.न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तांतरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लिज आदि पर देने या किसी भी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शून्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

7 अक्तूबर 2023

सं0 2492——**श्री रामजानकी, लक्ष्मण जी, राधा कृष्ण जी मंदिर, ग्राम—सठमा, जिला—खगड़िया**, पर्षद में निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं0— 4038 है।

संचिका से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1988 से श्री राजेन्द्र प्रसाद राय एवं लक्ष्मी प्रसाद राय से मंदिर में होने वाली आय के संबंध में विवरणी की मांग की जाती रही, परन्तु कोई प्रति—उत्तर प्राप्त नहीं होने पर राजेन्द्र प्र0 राय को पुनः पर्षद के पत्रांक 2816 दिनांक 16/03/1994 द्वारा अधिनियम की धारा 28(2)H के तहत क्यों नहीं न्यासधारी के पद से अपसारित करने हेतु स्पष्टीकरण की मांग की गयी, साथ हीं अंचलाधिकारी से उक्त मठ की जांच करने और यदि संतोषप्रद व्यवस्था नहीं हो तो न्यास समिति गठन करने हेतु 07 अच्छे एवं धार्मिक चरित्र के व्यक्तियों के नामों की मांग पर्षद के पत्रांक 2815 दिनांक 16/03/1994 द्वारा की गयी।

उपरोक्त पत्र के आलोक में अंचलाधिकारी के द्वारा अपनी रिपोर्ट पत्रांक 746 नवम्बर 1996 को प्राप्त हुई, जिसमें उल्लेख किया गया है कि राजेन्द्र प्र0 राय के दरवाजे पर ईंट, फुस निर्मित मंदिर है और कागजी जांच में पाया गया कि मौजा—खगरैठा, थाना नं0—359, तौजी नं0—2991 खाता नं0—89, खसरा 43 मी0 में 03 बी0 18 क0 05 धु0 जमीन है। **आस—पास के ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मौजा बेलदौर अंचल के सठमा मौजा में लगभग 200 बीघा जमीन मंदिर के नाम है, परन्तु उसकी व्यवस्था कर रहे श्री राजेन्द्र प्र0 राय न तो कभी पर्षद में उपस्थित हुए और न हीं उनके द्वारा कोई स्पष्टीकरण दाखिल किया गया।**

इसी बीच निकेश कुमार व कुछ अन्य लोगों के हस्ताक्षर से एक प्रार्थना—पत्र प्राप्त हुआ कि मंदिर की भूमि को अवैध रूप से बेचा जा रहा है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि खाता सं0—08, खेसरा सं0—416/583 एवं खाता सं0—107, खेसरा सं0—533 का अवैध रूप से विक्रय किया जा चुका है और खेसरा सं0—382 की भूमि को बेचने हेतु एकरारनामा चल रहा है। कुल 200 बी0 भूमि भगवान के नाम से है, अतः निबंधन को रद्द किये जाने तथा विक्रय पर रोक लगाये जाने की प्रार्थना की गयी। पुनः दिनांक 06/07/2009 को प्रार्थना—पत्र दिया गया कि जमाबंदी सं0—53 श्री जानकी जी कुल भूमि

(58.12.17) बीघा, जमाबंदी सं0–72 श्री नारायण जी कुल भूमि (47.19.13) बी0 जमाबंदी सं0–109 श्री महारानी जी कुल भूमि (53.12.05) बी0 जमाबंदी सं0–122 श्री रामचंद्र जी कुल भूमि (111.02.07) बी0 जमाबंदी सं0–123 रामलला कुल भूमि (43.05.14) बी0 जमाबंदी सं0–139 श्री लक्ष्मण जी कुल भूमि (47.18.13) बी0 जमाबंदी सं0–140 लक्ष्मण जी कुल भूमि (37.08.18) तथा जमाबंदी सं0–157 भगवान कुल भूमि (33.18.13) बी0 **उक्त सभी भूमि पर सेवायत के रूप में छेदीलाल के नाम का इन्द्राज है। उक्त भूमि को सेवायत के द्वारा बिना पर्षद की अनुमति के विक्रय किया जा रहा है।** उपरोक्त शिकायत–पत्र के आलोक में अवर निबंधक से उपरोक्त जमाबंदी की भूमि को निबंधन नहीं किये जाने हेतु पत्र दिनांक 07/07/2009 को लिखा गया तथा उक्त सेवायत छेदीलाल के सभी 05 पुत्रों को भी पर्षद के समक्ष उपस्थित होकर अपना प्रति–उत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया गया। पुनः दिनांक 27/07/2009 को उपरोक्त सभी जमाबंदी की भूमि पर विक्रय पर रोक लगाये जाने संबंधी तथा अपने स्तर से सक्षम अधिकारी से जांच कराने हेतु पर्षद के पत्रांक 880 द्वारा जिला पदा0 को लिखा गया के आलोक में राजस्व कर्मचारी द्वारा अपने 11 पृष्ठों की रिपोर्ट दिनांक 03/09/2009 अंचलाधिकारी को समर्पित की है, जिसकी एक प्रति पर्षद को भी उपलब्ध करायी गयी, जिसमें उल्लेख किया गया है कि उपरोक्त जमाबंदी की भूमि पर **विभिन्न भगवानों के नाम रैयत के रूप में इन्द्राज है** तथा सेवायत के रूप में छेदीलाल का उल्लेख है और भू हदबंदी कार्यवाई (433.11.01) में से (65.01.09) बी0 भूमि सीलिंग कार्यवाही में अधिग्रहित की गयी। कुल शेष भूमि (368.02.00) बची, जिसे उक्त सेवायत छेदीलाल के पुत्रों द्वारा बंटवारा दाखिल–खारिज **वाद सं0–238/2000–01 दाखिल है, जिसमें तत्कालिन अंचलाधिकारी द्वारा 126.63 ए0 भूमि दाखिल–खारिज भिन्न–भिन्न रैयत एवं केवालादार के नाम कर दिया। शेष एराजी 222.81 ए0 पर सीलिंग गजट के आदेश की प्रति उपलब्ध नहीं है।** बंटवारा दाखिल–खारिज के बाद धरल्लेसे भूमि का विक्रय होने लगा। अंचलाधिकारी को दिनांक 07/12/2010 को पत्र लिखा गया कि खगरैठा मंदिर के न्यास से सठवा मौजा स्थित मंदिर की भूमि का कोई संबंध नहीं है और वह भूमि विभिन्न देवी–देवताओं के नाम है जो सार्वजनिक धार्मिक न्यास की सम्पति है और न्यास समिति गठन हेतु कुछ स्वच्छ चरित्र के व्यक्तियों के नामों की मांग की गयी।

इसी बीच ग्रामीणों द्वारा 11 सदस्यों के नामों का प्रस्ताव शपथ–पत्र के साथ पर्षद में निकेश कुमार द्वारा दिनांक 06/09/2011 को प्रार्थना–पत्र दिया गया कि सठवा मौजा में लगभग 04 बी0 जमीन खेसरा सं0–427, 421, 420, 419 एवं 418 प्रार्थी के कब्जे में है और आपराधिक तत्व उन्हें बेदखल करना चाहते हैं, जबकि लगतार जिला पदा0, अनुमंडल पदा0 तथा अंचलाधिकारी को उक्त मंदिर की संम्पति का विक्रय पर रोक लगाये जाने तथा न्यास समिति गठन किये जाने हेतु नामों के मांग के संबंध में बार–बार पत्राचार किया गया, परन्तु किसी प्रकार का कोई प्रति–उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। संचिका पर दाखिल–खारिज वाद सं0–238/2000–01 में अंचलाधिकारी के द्वारा पारित आदेश दिनांक 01/12/2020 की प्रति भी उपलब्ध है, जिसमें भी उपरोक्त सभी जमाबंदी की भूमि विभिन्न भगवान और देवी–देवताओं के नाम से इन्द्राज तथा सेवायत के रूप में छेदीलाल का उल्लेख है और अंचलाधिकारी के द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर उपरोक्त सभी भूमि को छेदीलाल के पुत्र और भतीजा को प्रत्येक को 43.68 एकड़ भूमि केवल हल्का कर्मचारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर दाखिल–खारिज किये जाने का आदेश पारित कर दिया गया, जबकि कागजात अवलोकन से स्पष्ट है कि देवी–देवताओं के नाम से जमाबंदी चल रही है भू–हदबंदी वाद सं0–157/73–74 जिला गजट में 01/07/1985 को भूधारी के नाम बना है, 78.79 एकड़ जमीन अधिशेष किया गया है। आगे उल्लेख किया है कि आवेदकगण के बीच रसीद काटने में काफी कठिनाई होती है, अतः लगान वसूली की दृष्टि में शेष भूमि को 08 भाईयों में अलग–अलग जमाबंदी श्रृजित की जाए। संचिका पर शिकायतकर्तागण द्वारा कुछ विक्रय–पत्र की फोटोप्रति भी दाखिल की गयी।

श्री निकेश कुमार द्वारा दिनांक 25/02/2021 को पुनः पर्षद में प्रार्थना–पत्र दिया गया कि थाना सं0–145 बेलदौर मौजा में 253 बी0 भूमि न्यास की है, जिसकी निबंधन सं0–4038 है, जिस पर कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं तथा अपने प्रार्थना–पत्र के साथ पर्षद द्वारा पूर्व में जारी जिला पदा0, अंचलाधिकारी को भेजे गये पत्र तथा अंचलाधिकारी की रिपोर्ट दिनांक 15/09/2020 भू हदबंदी वाद में निर्णय उपरान्त गजट प्रकाशन दिनांक 01/07/1985 की प्रति दाखिल की।

ग्रामीणों द्वारा न्यास समिति गठन हेतु दिनांक 08/01/2021 को एक आम बैठक करके 14 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद को उपलब्ध कराते हुए न्यास समिति गठन किये जाने की प्रार्थना की गयी। प्रस्तावति नामों को अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष के यहां भेज कर उनसे क्रमशः मंतव्य व चरित्र सत्यापन रिपोर्ट की मांग की गयी, परन्तु उक्त रिपोर्ट आज तक प्राप्त नहीं है।

कुछ आरोप स्थानीय श्री विकास कुमार के विरूद्ध भी लगाये गये थे, जिस संबंध में उनसे प्रति–उत्तर की मांग की गयी थी। उनके द्वारा दाखिल अपने प्रति–उत्तर दिनांक 11/03/2022 में उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि उक्त भूमि उनकी पैत्रक भूमि है और असमाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न तरीको से परेशान किया जा रहा है, उस जमीन के संबंध में कोई अर्पणनामा या दान–पत्र नहीं है तथा भू हदबंदी कार्यवाही चली थी, जिसमें देवी देवताओं के नाम पर एक एकड़ जमीन भी नहीं दी गयी और न हीं कोई युनिट निर्धारित की गयी। 8.79 एकडत्र जमीन अधिशेष घोषित की गयी और दाखिल–खारिज वाद सं0–238/2000–01 की उपरोक्त जमाबंदी हमलोगों के बीच आपस में बंटवारा करके प्राप्त हुआ।

जिला पदा0 के पत्रांक 1281 दिनांक 13/04/2023 द्वारा एक पत्र पर्षद में प्राप्त हुआ कि पर्षद के पत्रांक 880 दिनांक 27/07/2009 के आलोक में मंदिर की भूमि का निबंधन नहीं होने के संबंध में अनुमंडल पदा0 की जांच प्रतिवेदन दिनांक 12/06/2010 भेजी गयी है, जिसमें जांच में यह पाया गया कि भूधारियों के वंशजों द्वारा निर्मित है, व्यक्तिगत रूप से परिवार द्वारा पूजा–पाठ किया जाता है। उक्त मंदिर के अलावा सठमा मौजा के मंदिर से इन लोगों का कोई मतलब नहीं है और भूधारी द्वारा बार–बार निबंधन पर लगी रोक हटाने का भी आग्रह किया जा रहा है। उक्त पत्र के साथ पंकज कुमार राय द्वारा दिया गया प्रार्थना–पत्र तथा पर्षद द्वारा जारी पत्र दिनांक 27/07/2009 एवं जिला पदा0 द्वारा भेजे गये पत्र

दिनांक 12/06/2010 की प्रति संलग्न की है। जिला पदा0 के उपरोक्त पत्रांक 1028 दिनांक 12/06/2010 में हीं उल्लेखित है कि **मंदिर के अलावा सठमा मौजा के मंदिर से इनलोगों का कोई मतलब नहीं है।** जबकि सठमा मौजा स्थित उपरोक्त भूमि में अवैध रूप से दाखिल–खारिज जो पूर्व में जमाबंदी विभिन्न देवी–देवताओं के नाम से चली आ रही है, **को अंचलाधिकारी के द्वारा एक षड्यंत्र के तहत बिना पर्षद को सुनवाई का अवसर दिये या उस बिन्दू पर कोई जांच किये सभी भूमि को 08 व्यक्तियों के नाम जमाबंदी कायम करने का आदेश पारित किया गया, जो मुख्य विवाद का जड़ है,** जबकि किसी धार्मिक न्यास की सम्पति के संबंध में अधिनियम की धारा 50 एवं 52 में स्पष्ट प्रावधान है कि बिना पर्षद को नोटिस दिये या सुनवाई का अवसर दिये किसी भी पदाधिकारी या न्यायालय को किसी भी कार्यवाई में यदि कोई डिग्री आदेश पारित किया जाता है तो वह अप्रभावी और शुन्य होगा और अधिनियम की धारा 44 के अन्तर्गत किसी व्यक्ति को स्थानान्तरण करने का भी कोई अधिकार नहीं है। जब उपरोक्त भूमि राजस्व विलेख तथा खतियान (आर0 एस और सी0 एस0) में भगवान के नाम से इन्द्राज है तो किस अधिकार के तहत अंचलाधिकारी के द्वारा व्यक्तिगत नाम से जमाबंदी काटने का आदेश पारित किया गया है जो स्वंय उनके अवैध कार्य का प्रमाण है। इस संबंध में जिला पदा0 को पत्र लिखा जाए कि उपरोक्त सभी परिस्थितियां स्पष्ट करती है कि प्रशासन के विभिन्न पदा0 पर्षद द्वारा बार–बार पत्र लिखे जाने के बावजूद भी न्यास समिति बनाये जाने हेतु कोई रिपोर्ट नहीं दाखिल करते हैं।

ऐसी परिस्थिति में पर्षद के पास एकमात्र उपाय ग्रामीणों की आम सभा द्वारा दिनांक 08/01/2021 को प्रस्तावित नामों की न्यास समिति बनाया जाना रह जाता है

अतः पर्षद के आदेश दिनांक– 31.08.2023 के आलोक में उक्त मंदिर की भूमि को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक योजना का निरूपण करते हुए **निम्न न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है।**

मैं,अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा– 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो **बिहार हिन्दूधार्मिक न्यास अधिनियम की उप विधि सं0– 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है**, का प्रयोग करते हुए ''**श्री रामजानकी, लक्ष्मण जी, राधा कृष्ण जी मंदिर, ग्राम–सठमा, जिला–खगड़िया,**''के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक् विकास हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन करता हूँ।

योजना

1.बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**श्री रामजानकी, लक्ष्मण जी, राधा कृष्ण जी मंदिर, ग्राम–सठमा, जिला–खगड़िया,**''योजनाहोगा और इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का ''**श्री रामजानकी, लक्ष्मण जी, राधा कृष्ण जी मंदिर, ग्राम–सठमा, जिला–खगड़िया,**'' होगी, जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्तियों के संधारण एवं संचालन का अधिकार रहेगा।

2.न्यास समिति, न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग,साधु सत्संग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3.न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर (यदि पूर्व से न्यास के नाम से खाता संचालित हो, तो उसमें) जमा किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।न्यास के खाता का संचालन कोषाध्यक्ष तथा उनके साथ सचिव या अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

4.मठ/मंदिर परिसर में जगह–जगह भेंटपात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

5.दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

6.मठ परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जायेगा और मठ की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

7.न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति कर सकेंगे एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

8.न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और दान, पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

9.न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए प्रत्येक वर्ष न्यास की बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

10. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अह्र्ता समाप्त हो जायेगी।

11. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

12. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे (अध्यक्ष की अनुपतिस्थति में उपाध्यक्ष करेंगे) और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

13. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

14. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

15. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा–11, एवं भारतीय दंड संहिता की धारा– 428 व 429 के तहत दंडनीय अपराध है। अतः न्यास/मंदिर/मंठ आदि में रहने वाले गोवंश एवं अन्य पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य करना जिससे किसी पशु के प्रति क्रुरता एवं परिणाम वध/मृत्यु होता हो या ऐसे कार्यो को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कार्य कोई भी न्यासधारी/सेवायत/महंत या न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

उपर्युक्त योजना को मूर्त्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति 01 वर्ष के लिए गठित की जाती है:–

1. अनुमंडल पदाधिकारी, गोगरी, जिला– खगड़िया	–	अध्यक्ष
2. श्री गोपाल कुमार यादव, पिता–स्व0 जयकिशोर यादव	–	उपाध्यक्ष
3. श्री निकेश कुमार, पिता–राधेश्याम प्र0 यादव	–	सचिव
4. श्री गुरूदेव कुमार सिंह, पिता–राजो सिंह	–	कोषाध्यक्ष
5. श्री रणधीर कुमार, पिता–मुरलीधर प्र0 यादव	–	सदस्य
6. श्री राहुल कुमार, पिता–राजकिशोर प्र0 यादव	–	सदस्य
7. श्री सुबोध राम, पिता–स्व0 भूमि राम	–	सदस्य
8. श्री उदय राम, पिता–वासुदेव राम	–	सदस्य
9. श्री फैनी यादव, पिता–स्व0 सुमैर यादव	–	सदस्य
10. श्री रणवीर कुमार, पिता–प्रभु भरत	–	सदस्य
11. श्री करूण शर्मा, पिता–योगेन्द्र शर्मा	–	सदस्य

सभी का पता– ग्राम– सठमा, पो0– कुर्बन, थाना– गोगरी, जिला– खगड़िया।

इस न्यास के संचालन हेतु पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक—1460, दिनांक— 06.08.2015 द्वारा एक न्यास समिति का गठन किया गया था, जिसका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पर्षद की सूनवाई दिनांक— 30.05.2023 में हुए आदेश के आलोक में अंचल पदाधिकारी सदर मुंगेर को पर्षदीय आदेश ज्ञापांक— 1045, दिनांक— 03.07.2023 द्वारा इस न्यास का अस्थायी न्यासधारी नियुक्त किया गया एवं उन्हें यह निर्देश दिया गया की धार्मिक चरित्र के नामों का प्रस्ताव न्यास समिति गठन हेतु भेजें। पूर्व न्यास समिति में अध्यक्ष, अंचल पदाधिकारी और संचिव, प्रभाकर कृष्ण सिंन्हा थे। पिछले कई वर्षो से समिति के विरूद्ध लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि मात्र 12 ए0 भूमि की बंदोस्ती अपने ही व्यक्ति को दे दी जाती है, जबकि खुली डाक कराए जाने से उससे बहुत अधिक राशि प्राप्त हो सकती है और 08 ए0 भूमि की खेती उपाध्यक्ष, श्री उमाकांत सिंह एवं सचिव द्वारा कराकर उसे निजी प्रयोग में लिया जाता है। समिति द्वारा मात्र 40—45 हजार रु0 की वार्षिक आय दिखाया जाता है, जबकि स्थानीय ग्रामीण इन्द्रजीत प्रसाद द्वारा शपथ—पत्र दिया गया कि उक्त 20 ए0 भूमि का 2,00,000/—रु0 वह स्वयं बंदोबस्ती लेने को तैयार है, जबकि खुली डाक द्वारा बोली लगायी जाए, तो उससे भी अधिक राशि आ सकती है। अंचल पदाधिकारी मुंगेर, के द्वारा उक्त मंदिर की व्यवस्था हेतु एक आम सभा करके 10 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिनांक—09.08.2023 को दिया गया है।

उक्त प्रस्ताव के संदर्भ में स्थानीय नागरिक इन्द्रजीत सिंह, उदय मोहन एवं श्री कौशलेन्द्र प्रसाद सिंह उपस्थित है और इनके द्वारा एक लिखित शिकायत पत्र दिया गया कि प्रस्तावित नामों में से अनितेश कुमार के विरूद्ध आपराधिक मुकदमें है। मुफसिल थाना काण्ड सं0—02/2020 में चार्जशिट भी दाखिल किया जा चुका है और न्यायायल द्वारा संज्ञान भी लिया जा चुका है। इस संबंध में आदेश की प्रति एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति संलग्न है तथा कथन करते है कि एक अन्य परिवाद पत्र 97 सी0/20 में भी अनितेश कुमार अभियुक्त है। श्री कुमार पर यह भी आरोप लगाया गया की पूर्व उपाध्यक्ष जिनके उपर गम्भीर आरोप थे कि लगभग 08 ए0 भूमि को सचिव के साथ मिलकर उसकी आय को निजी लाभ में लेते हैं, यह उनके भतीजे है, प्रार्थना पत्र के साथ सेवई सिंह उर्फ शिव भांकर सिंह जिनके नाम का भी प्रस्ताव दिया गया है,

उनके विरूद्ध कथन करते है कि उन्हे फास्ट ट्रैक कोर्ट ।।मुगेंर द्वारा सेसन ट्रायल नं0—128/07 में दिनांक—18.01. 2012 को दोषसिद्ध किया गया है तथा शिवशंकर प्रसाद वार्ड सदस्य के चुनाव में उनके द्वारा फर्जी वोटिंग करायी गयी, इसके संबंध में भी तथ्यों को छुपाया गया, जिस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपने पत्र दिनांक—16.02.2011 द्वारा जिला निबंधन पदाधिकारी को धारा 177, 181 के तहत कार्यवाई करने के लिए प्रस्तावति किया तथा कथन करते हैं कि दिनांक—18.12.2019 को भी मंदिर की भूमि की आय का निजी प्रयोग के संबंध में शिकायत का जाँच करने ब्लॉक के कर्मचारी आये थे तो उनके साथ भी वहाँ मारपीट एवं अभद्र व्यवहार किया गया, जिस संबंध में 107 सी0आर0पी0सी की कार्यवाई भी चला। उपरोक्त शिकायत की प्रति सूनवाई दिनांक—14.08.223 में उपस्थित श्री अनितेश कुमार को उपलब्ध करायी गयी, उनको निर्देश दिया गया कि इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण दाखिल करे तथा प्रस्तावित नाम (शिवशंकर प्रसाद एवं अनितेष कुमार) उक्त दोनो व्यक्तियों के नामो पर विचार किया जाना उचित नहीं है।

अतः प्रस्तावित नामों में से मंदिर की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुए अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए निम्न न्यास समिति का गठन किया जाता है। प्रस्तावित नामों का चरित्र सत्यापन संबंधित थाने को भेजकर रिपोर्ट प्राप्त करें।

अतः उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये पर्षद की सूनवाई आदेश दिनांक—14.08.2023 में हुए निर्णय के आलोक में न्यास की सुव्यवस्था, मंदिर की राग—भोग, पूजा—पाठ तथा मंदिर की भूमि की सुरक्षा हेतु नियुक्त अस्थायी न्यासधारी के स्थान पर प्रस्तावित नामों की अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

अतः मैं,अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा— 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो **बिहार हिन्दूधार्मिक न्यास अधिनियम की उप विधि सं0— 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है**, का प्रयोग करते हुए"**श्री सीताराम, राधेश्याम मंदिर, महेशपुर, जिला—मुगेंर,**"के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक् विकास हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन करता हूँ।

योजना

1.बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा— 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम "**श्री सीताराम, राधेश्याम मंदिर, महेशपुर, जिला—मुगेंर,**"होगा और इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम "**श्री सीताराम, राधेश्याममंदिर, महेशपुर, जिला—मुगेंर,**" होगी, जिसमें न्यास की समग्र चल—अचल सम्पत्तियों के संधारण एवं संचालन का अधिकार रहेगा।

2.न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ—साथ पूजा—अर्चना, राग—भोग, अतिथि—सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3.न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर (यदि पूर्व से न्यास के नाम से खाता संचालित हो, तो उसमें) जमा किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा। खाते का संचालन सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा।

4.मठ/मंदिर परिसर में जगह–जगह भेंटपात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

5.दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

6.मठ परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जायेगा और मठ की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

7.न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

8.न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

9.न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

10. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अह्र्ता समाप्त हो जायेगी।

11. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

12. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

13. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

14. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

15. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा–11, एवं भारतीय दंड संहिता की धारा– 428 व 429 के तहत दंडनीय अपराध है। अतः न्यास/मंदिर/मंठ आदि में रहने वाले गोवंश एवं अन्य पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य करना जिससे किसी पशु के प्रति क्रुरता एवं परिणाम वध/मृत्यु होता हो या ऐसे कार्यो को बढ़ावा मिलता हो ऐसा कोई कार्य कोई भी न्यासधारी/सेवायत/महंत या न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

उपर्युक्त योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति गठित की जाती हैः–

01. अंचल पदाधिकारी, सदर, मुंगेर	–	अध्यक्ष
02. श्री अमित कुमार, पिता– श्री विनय प्रसाद सिंह	–	उपाध्यक्ष
03. श्री कौशलेन्द्र प्रसाद सिंह, स्व0 राम सिंह शर्मा	–	सचिव
04. श्री अजय प्रसाद सिंह,पिता– श्री बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह	–	कोषाध्यक्ष
05. श्री राजीव कुमार, पिता– स्व0 कृष्णदेव सिंह	–	सदस्य
06. श्री अशोक प्रसाद सिंह, पिता– स्व0 शिवगुलाम प्रसाद सिंह	–	सदस्य
07. श्री प्रेम कुमार, श्री रामदेव प्रसाद सिंह	–	सदस्य

सभी ग्राम– महेशपुर, पो0– नौवागढ़ी, थाना– मुफस्सिल, जिला– मुंगेर, पिन–811211

न्यास समिति को पूर्ण रूप से अधिकार होगा की नये सिरे से मंदिर की भूमि की बन्दोबस्ती करें तथा पुराना बकाया राशि की बसूली करें।

उपरोक्त वर्णित न्यास समिति का कार्य–काल अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से 01 वर्ष का होगा। चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त होने एवं समिति के कार्यो की समीक्षा के उपरांत कार्यकाल विस्तार पर विचार किया जायेगा।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में संबंधित भूमि "श्री सीताराम, राधेश्याम मंदिर, महेशपुर, जिला–मुगेंर," के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः—न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि—सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————

27 सितम्बर 2023

सं0 2374——**श्री लक्ष्मी नारायण ठाकुरबाड़ी, बांका, जिला—बांका,** पर्षद में निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है जिसकी निबंधन सं0—1302 है।

निबंधन के समय उक्त मठ की देखभाल 05 सदस्यीय न्यास समिति क्रमशः (1) श्री वैद्यनाथ झा, अधिवक्ता, (2) श्री सीता प्रसाद सिंह, अधिवक्ता, (3) श्री गिरिश्वर प्रसाद सिंह, (4) श्री भूप नारायण सिंह, एवं (5) श्री रमेश कुमार सिंह द्वारा की जाती थी। पर्षद में आय—व्यय विवरणी वैद्यनाथ झा के हस्ताक्षर से दिनांक 24/09/1962 को दाखिल की गयी, जिसके साथ भूमि का विवरण दाखिल किया गया, जिसमें मौजा ताराडीह थाना सं0—33 (20.03.16 बीघा) भूमि मौजा—मुढहरा थाना सं0—101 (10.0.05), मौजा—कपेटा (0.15.14) थाना सं0—76, मौजा—वोगरिया (06.12.0 बीघा) भूमि का उल्लेख किया गया है। वर्ष 1963—64 से 1966—77 की आय—व्यय विवरणी में संलग्न (क) के रूप में उपरोक्त भूमि प्रदर्शित की गयी है। वर्ष 1976—77 की आय—व्यय विवरणी तत्कालिन मैनेजिंग ट्रस्टी मंदराज झा द्वारा दाखिल की गयी है, तदोपरान्त समय—समय पर (नियमित रूप से नहीं) आय—व्यय विवरणी दाखिल की जाती रही है।

इसी बीच दिनांक 06/11/1985 को नागेन्द्र दास तथा कुछ अन्य लोगों के द्वारा एक प्रार्थना—पत्र दिया गया कि उक्त मंदिर जर्जर अवस्था में है, काफी सम्पति है, समिति के अधिकांश सदस्यों का स्वर्गवास हो गया है, मात्र 04 सदस्य मौजूद हैं, उसमें भी श्री रमणी सिंह काफी बुढ़े हो गये हैं और शेष तीन सदस्य अपने कामों की व्यस्तता के कारण मंदिर की देख—रेख करने में असमर्थ है, अतः जांच कर एक नयी न्यास समिति बनाये जाने का आग्रह किया गया। पुनः दिनांक 02/09/1986 को तत्कालिन मुखिया शेखर प्रसाद व कुछ अन्य लोगों के हस्ताक्षर से उपरोक्त शिकायत प्राप्त हुई तथा उक्त तिथि को हीं 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव न्यास समिति बनाये जाने हेतु प्राप्त हुई।

उपरोक्त सभी प्रार्थना/शिकायत—पत्र पर विचार करते हुए तथा पर्षद के नोटिस का कोई प्रति—उत्तर न्यास समिति से नहीं प्राप्त होने, तथा समिति गठन के संबंध में समाहर्ता को भेजे गये पत्र पर अनुमोदन प्राप्त हुआ, अतः पर्षद के आदेश दिनांक 14/01/1988 द्वारा समाहर्ता, भागलपुर को अस्थायी न्यासधारी के रूप में मान्यता देकर कार्य करने के लिए पत्र लिखा गया। समाहर्ता द्वारा उक्त मंदिर का प्रभार लेने के लिए अंचलाधिकारी को को अधिकृत किया गया और उसी समय से अंचलाधिकारी के द्वारा मंदिर की व्यवस्था अपने हाथ में ली गयी है, परन्तु दुर्भाग्य की बात है कि बार—बार पत्र लिखे जाने के बाद भी समाहर्ता या अंचलाधिकारी के द्वारा पर्षद को किसी भी प्रकार की आय—व्यय विवरणी, पर्षद शुल्क आदि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी और न हीं राशि जमा की गयी, अतः पर्षद के आदेश दिनांक 03/01/1991 के द्वारा एक नयी न्यास समिति जो विधान सभा सदस्य के प्रस्ताव पर थी, गठित किया गया, परन्तु उक्त न्यास समिति भी कुशलतापूर्वक कार्य नहीं कर रही थी, अतः अधिनियम की धारा 29(2) के तहत स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिस पर न्यास समिति के अध्यक्ष द्वारा अपना प्रति—उत्तर दिनांक 22/01/1994 को पर्षद में दाखिल किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया था कि न्यास समिति का गठन होने के बाद से आज तक न्यास समिति को अंचलाधिकारी ने कभी प्रभार नहीं दिया और बार—बार आश्वासन देते रहते हैं और इसी कारण से मंदिर का विकास आदि नहीं हो सका है। उक्त पत्र के आलोक में समाहर्ता को एवं अंचलाधिकारी को शीघ्र न्यास समिति का कार्यभार सौंपने का निर्देश देते हुए पत्र जारी किया गया तथा पर्षद के आदेश पर पर्षद के निरीक्षक द्वारा स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति के संबंध में रिपोर्ट की मांग की गयी।

पर्षद के निरीक्षक द्वारा स्थल निरीक्षण की अपनी रिपोर्ट दिनांक 23/12/1996 को दाखिल की गयी, जिसमें उल्लेख किया गया है कि समिति तथा अंचलाधिकारी से सम्पर्क किया गया और ब्यौरा की मांग की गयी, जिस पर उनके द्वारा पूर्व नगरपालिका वार्ड नं0—1 व्यवस्थित जमीन जो खाता सं0—350 के 01 और वार्ड 07, खाता सं0—109 तथा अन्य भूमि के संबंध में तथा मौजा—मुरहरा, थाना सं0—101, मौजा—तारडीह थाना सं0—33 का उल्लेख किया गया है और कथन किया गया कि खाता में क्या राशि बची हुई है, इसकी जानकारी नजीर के आने पर हीं दी जा सकती है, चूंकि वर्तमान में नजीर का स्थानान्तरण हो गया है और उनके द्वारा मंदिर के कार्यभार को नहीं सौंपा गया है।

पर्षद द्वारा लगातार अंचलाधिकारी को उक्त मंदिर की भूमि से होने वाली आय, पर्षद शुल्क आदि के संबंध में लगातार पत्र जारी किया जाता रहा, परन्तु अंचलाधिकारी के द्वारा वर्ष 1998 में मात्र 04 हजार रूपये शुल्क के रूप में जमा किया गया, परन्तु आय—व्यय विवरणी के संबंध में लगातार पत्र दिये जाने के बावजूद भी कोई प्रति—उत्तर एवं स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त हुआ। उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि वर्ष 1991 में गठित न्यास समिति कभी भी पूर्ण प्रभाव में नहीं रह सकी और अंचलाधिकारी द्वारा लगातार मंदिर और मंदिर की भूमि आदि के संबंध में बंदोबस्ती, आय—व्यय आदि अपने पास रखा जाता रहा। अतः दिनांक 27/01/2015 को एक नयी न्यास समिति गठन करने का निर्णय लिया गया और जिस संबंध में जिला पदा0 से नामों की मांग की गयी, परन्तु कोई रिपोर्टप्राप्त नहीं हुई।

इसी बीच दिनांक 11/04/2018 को श्री अमर कुमार मिश्रा द्वारा एक प्रार्थना—पत्र दिया गया कि उक्त मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है और प्रार्थी दानदाता परिवार से आते हैं और मंदिर की व्यवस्था को देखते हैं। प्रार्थी और स्थानीय लोगों

के सहयोग से आमसभा कर 11 व्यक्तियों की न्यास समिति बनाये जाने का निर्णय लिया गया तथा प्रार्थना–पत्र के साथ आमसभा की बैठक तथा प्रस्तावित 11 नामों की सूची संलग्न की है। पुनः एक पत्र दिनांक 27/04/2018 को श्री मिश्रा द्वारा दिया गया कि कुछ दबंग किस्म के लोग अंचलाधिकारी के मेल से षड्यंत्र के तहत एक स्वयंभू समिति द्वारा संचालन कराया जा रहा है और जमीन पर हाट–बाजार लगाना शुरू कर दिया गया है, इस संबंध में पर्षद से किसी प्रकार का कोई आदेश नहीं प्राप्त किया गया है और अपने पत्र के साथ अंचलाधिकारी के ज्ञापांक 163 दिनांक 08/02/2018 की प्रति दाखिल की है, जिसमें लिखा है कि सभी दुकानदार निर्धारित तिथि 05/02/2018 तक एकरारनामा कराये जाने की तिथि निर्धारित की गयी थी, परन्तु आपलोगों के द्वारा कोई एकरारनामा नहीं कराया गया है, अतः दिनांक 12/02/2018 तक एक हजार बंध पत्र पर एकरारनामा अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। अनुमंडल पदा0 के द्वारा दिनांक 19/05/2018 को 11 व्यक्तियों के नामों का चयन समिति बनाये जाने हेतु पर्षद में भेजा, जिसमें 04 प्रशासनिक पदाधिकारी को अध्यक्ष, सचिव, और कोषाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया, परन्तु वर्ष 1997 से आय–व्यय वर्तमान मंदिर एवं भूमि की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण पुनः पर्षद के द्वारा पर्षद निरीक्षक को स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिनांक 12/07/2018 को दिया गया।

जिस आलोक में दिनांक 06/09/2018 को उसका निरीक्षण किया गया। उक्त रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि स्वयंभू न्यास समिति उसकी देखभाल कर रही है, मंदिर में लगभग 37 बीघा जमीन थी, जिस पर अतिक्रमण है, मात्र 15 कट्ठा भूमि बची है, 04 क0 में आम का बाग है, मंदिर परिसर में लगभग 11 दुकानें हैं, जिससे लगभग 2,50,000/–रू0 वार्षिक किराये के रूप में आय है और मंदिर के प्रांगण में लगने वाली हाट, बाजार पर स्थानीय लोगों में असंतोष है और आमसभा द्वारा 11 सदस्यीय न्यास समिति जो श्री अमर कुमार मिश्रा द्वारा पर्षद में भेजी गयी है, उसे मान्यता देने के लिए स्थानीय जनता ने अनुरोध किया और यह भी पाया गया कि अंचलाधिकारी, बांका लगभग 29 वर्षों से न्यास की भूमि पर प्रभार बनाये हुए हैं और उनके द्वारा की जा रही मनमानी से स्थानीय लोगों में काफी असंतोष है।

इसी बीच अनुमंडल पदा0 ने अपने को उक्त मंदिर का अध्यक्ष दर्शित करते हुए जिला पदा0, बांका को मंदिर की भूमि वार्ड सं0–7, खाता सं0–109 के विभिन्न खेसरा, जिसका कुल 3.75 एकड़ में से 2.96 एकड़ जमीन पर ''मार्केट कम्पलेक्स'' बनाये जाने संबंधी प्रस्ताव पर स्वयंभू समिति द्वारा पास करते हुए भेज दिया और उसकी एक प्रतिलिपि पर्षद को भी भेजी गयी जो पर्षद कार्यालय में दिनांक 01/02/2022 को प्राप्त हुई।

जिस संबंध में शीघ्र जिला पदा0 को पर्षद द्वारा पत्र लिखा गया कि अंचलाधिकारी पिछले लगभग 30 वर्षों से न्यास की व्यवस्था स्वयंभू समिति बना कर कर रहे हैं, बाजार, हाट लगाये जाते हैं, न्यास की भूमि पर अवैध रूप से कुछ व्यक्तियों द्वारा कब्जा किया गया, सम्पति से होने वाली आय को नजारत में रखा जाता है, जबकि न्यास के नाम से बैंक में खाता खोला जाना चाहिए और बार–बार प्रतिवेदन दिये जाने पर अंचलाधिकारी के द्वारा कोई प्रति–उत्तर नहीं दिया जाता है और यह भी स्पष्ट उल्लेख किया गया कि अधिनियम की धारा 28 एवं 44 के अन्तर्गत सम्पति का किसी भी प्रकार से स्थानान्तरण/परिवर्तन पर्षद की अनुमति के बिना अवैध है और **किसी धार्मिक संस्था की भूमि पर दाता का दान देने का उद्देश्य जिसे भगवान की सेवा पूजा धार्मिक अनुष्ठान आदि कार्य के लिए है, न कि व्यवसाय करने के लिए**, अतः उनसे 11 अच्छे धार्मिक चरित्र के व्यक्तियों का नाम न्यास समिति गठन किये जाने हेतु तथा पिछले 30 वर्षों से मंदिर की आय–व्यय, बजट आदि उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा गया।

परन्तु उपरोक्त पत्र का कोई प्रति–उत्तर नहीं देते हुए समाहर्ता, बांका द्वारा अपने पत्रांक 325 दिनांक 03/02/2022 द्वारा मंदिर मौजा वार्ड–07, खाता सं0–109 का उपरोक्त 3.75 एकड़ में मार्केट कॉम्पलेक्स बनाये जाने के संबंध में अनापत्ति प्रमाण–पत्र की मांग की। पत्र में उल्लेख किया गया कि अनुमंडल पदा0, बांका की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मार्केट कॉम्पलेक्स बनाये जाने पर समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया और साथ में उक्त अनुमंडल पदा0 के समिति में बैठक दिनांक 19/01/2022 की प्रति संलग्न किया गया है, जिसमें 09 व्यक्तियों का हस्ताक्षर दिखाया गया है। यहां यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि न तो पर्षद द्वारा कोई न्यास समिति गठित की गयी है और न हीं कोई इस संबंध में अनुमति प्राप्त की गयी है। सभी तथ्यों को स्पष्ट करते हुए पुनः दिनांक 09/02/2022 को जिला पदा0 को पत्र लिखा गया एवं पर्षद द्वारा उक्त मार्केट कॉम्पलेक्स बनाये जाने संबंधी प्रस्ताव पर कोई अनुमति नहीं दी गयी, बल्कि यह स्पष्ट किया गया कि न्यास समिति गठन के पश्चात यदि मार्केट बनाये जाने का प्रस्ताव आता है तो यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि कितनी दुकानों का निर्माण होगा, निर्माण हेतु राशि कहां से प्राप्त होगी, दुकानों का आवंटन किस प्रकार से किया जायेगा तथा मंदिर की भूमि पर प्रतिबंधित व्यवसाय की व्यवस्था नहीं करने हेतु दिनांक 15/03/2022 को जिला पदा0 को पत्र लिखा गया।

पर्षद के उपरोक्त पत्र के आलोक में जिला पदा0 के द्वारा अनुमंडल पदा0 से शीघ्र न्यास समिति गठन किये जाने हेतु 11 व्यक्तियों के नामों की मांग की गयी, जिसकी प्रति पर्षद को भी उपलब्ध करायी गयी, इस संबंध में जिला पदा0 को दिनांक 31/08/2022, 18/01/2023, 06/05/2023 एवं 27/07/2023 को भी पत्र लिखा गया कि न्यास समिति गठन किये जाने हेतु 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव अभी तक प्राप्त नहीं है तथा पिछले 30 वर्षों से मंदिर की होने वाली आय–व्यय विवरणी, लेखा–जोखा, राशि कहां जमा है, तथा उससे संबंधित दस्तावेज पर्षद में उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा गया और यह भी स्पष्ट किया गया कि धार्मिक न्यास की अधिनियम की धारा 28 (2) जे0 एवं धारा 44 के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक धर्मिक न्यास की भू–सम्पदा पर किसी भी प्रकार के स्थायी निर्माण या किसी प्रकार का अन्य संक्रमण हस्तानन्तरण या 03 वर्ष से ज्यादा की बंदोबस्ती बिना पर्षद की अनुमति के यदि की जाती है तो वह विधि विरूद्ध होगा तथा पूर्व में मांगे गये दस्तावेज को पर्षद में दाखिल करें, जिस पर विचारोपरान्त मंदिर की भूमि पर मार्केट कॉम्पलेक्स निर्माण के संबंध में पर्षद द्वारा कोई निर्णय लिया जा सके।

उपरोक्त सभी परिस्थितियां यह स्पष्ट करती है कि वर्ष 1989 में जिला पदा0 को अस्थायी न्यासधारी उक्त मंदिर की देख–रेख, भूमि की सुरक्षा आदि के लिए बनाया गया था और उन्होनें अपने इस कार्य के लिए अंचलाधिकारी को नामित किया और अंचलाधिकारी ने वर्ष 1989 से लगातार मंदिर की सारी भूमि से होने वाली आय को अपने पास रखते हुए इसकी कोई जानकारी पर्षद को आज तक नहीं दी गयी, लगभग 20 से ज्यादा पत्र लिखे जाने के पश्चात वर्ष 2005 में मात्र 04 हजार रूपये शुल्क के रूप में जमा किया गया, परन्तु कभी विस्तार से जानकारी नहीं दी गयी, जो स्पष्ट करता है कि मंदिर की भूमि से होने वाली आय और मंदिर के प्रांगण में व्यवसाय रहे दुकानदारों के किराये की राशि का दुरूपयोग होने की पूरी–पूरी संभावना है, चूंकि पर्षद को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दिया जाना उनके कार्यों पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

श्री अमर कुमार मिश्रा द्वारा दाखिल मंदिर के फोटोग्राफ आदि से स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा स्वयं व अन्य लोगों के सहयोग से मंदिर के प्रांगण को साफ–सुथरा और जीर्णोद्धार करके रखा गया है और उनके द्वारा प्रस्तावित न्यास समिति गठन हेतु नाम दिनांक 11/04/2018 को चरित्र सत्यापन हेतु भेजा गया है, परन्तु खेद की बात है कि वह चरित्र सत्यापन अभी तक प्रापत नहीं हुआ है और अनुमंडल पदा0 के द्वारा जो नामों का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें 04 प्रशासनिक पदा0 तथा कुछ अन्य लोगों के नाम थें, जिनका मंदिर से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। उक्त प्रस्ताव के बाद भी लगातार जिला पदा0 से न्यास समिति के गठन हेतु नामों की मांग की गयी, परन्तु किसी प्रकार का कोई नाम आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया।

अतः ऐसी परिस्थिति में पर्षद के पास एक मात्र रास्ता यही बचता है कि आमसभा के द्वारा जो प्रस्तावित नाम हैं, उनकी न्यास समिति गठित की जाए और भविष्य में यदि न्यास समिति के किसी सदस्य के विरूद्ध किसी प्रकार के आपराधिक घटना आदि के बारे में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसपर स्पष्टीकरण उपरान्त आदेश दिया जा सकता है और यदि रिपोर्ट प्राप्त होती है कि किसी व्यक्ति का स्वर्गवास हो गया है तो उनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के चयन करने पर विचार किया जायेगा और पिछले लगभग 30 वर्षों से अधिक का इस मंदिर के संबंध में अनुभव रहा है कि किसी प्रशासनिक पदा0 को अस्थायी न्यासधारी बनाये जाने के बाद भी मंदिर की सारी सम्पति पर अतिक्रमण हो गया है या एक षड्यंत्र के तहत कर लिया गया है या किसी अन्य कारणों से हुई है और उक्त वर्षों में किसी प्रकार की कोई जानकारी पर्षद के बार–बार पत्र लिखे जाने के बावजूद भी प्रति–उत्तर नहीं दिये जाने व कार्य के प्रति लापरवाही प्रतीत होती है, जबकि अंचलाधिकारी के द्वारा जारी किये गये पत्र जो संचिका पर उपलब्ध है, जिससे स्पष्ट होता है कि कुछ लोगों से राशि लेकर के किरायेदारी एकरारनामा किया गया है। मंदिर की भूमि पर हाट वगैरह का आयोजन किया जा रहा है, जिससे एक बड़ी राशि प्राप्त की जाती है। उपरोक्त सभी अवैध कार्यों में पर्षद यह उम्मीद करती है कि गठित न्यास समिति नियम प्रर्वतक कार्य करेगी और जिन व्यक्तियों द्वारा मंदिर की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है, उनके विरूद्ध भी न्यायाधिकरण व सक्षम न्यायालय में वाद दायर कर भूमि को वापस लिये जाने का प्रयास करेगी।

पर्षद की जानकारी में यह तथ्य मौखिक रूप से लाया जा रहा है कि अनुमंडल पदा0 और जिला पदा0 के द्वारा जो व्यवसायिक कॉम्पलेक्स बनाये जाने के संबंध में ''अनापति प्रमाण पत्र मांगी गयी थी'', जो पर्षद द्वारा नहीं दी गयी है, परन्तु उसके बावजूद भी कुछ भूमि पर निर्माण हो रहा है या किया जा चुका है, अतः ऐसी परिस्थिति में **यथास्थिति** सभी पक्षों के द्वारा बनाये रखी जायेगी और न्यास समिति इस संबंध में अपनी रिपोर्ट साक्ष्य और फोटोग्राफ के साथ दाखिल करें। सूनवाई आदेश दिनांक– 14.08.2023 में मंदिर व उसकी सम्पति की व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुए अधिनियम की धारा 32 के अन्तर्गत एक न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए करने का निर्णय लिया गया।

अतः मैं,अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा– 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो **बिहार हिन्दूधार्मिक न्यास अधिनियम की उप विधि सं0– 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है**, का प्रयोग करते हुए ''**श्री लक्ष्मी नारायण ठाकुरबाड़ी, बांका, जिला–बांका,**''के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक् विकास हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन करता हूँ।

योजना

1.बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**श्री लक्ष्मी नारायण ठाकुरबाड़ी, बांका, जिला–बांका,**''होगा और इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम''**श्री लक्ष्मी नारायण ठाकुरबाड़ी, बांका, जिला–बांका,**'' होगी, जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्तियों के संधारण एवं संचालन का अधिकार रहेगा।

2.न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3.न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर (यदि पूर्व से न्यास के नाम से खाता संचालित हो, तो उसमें) जमा किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा। खाते का संचालन सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा।

4.मठ/मंदिर परिसर में जगह–जगह भेंटपात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

5.दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

6. मठ परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जायेगा और मठ की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

7. न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

8. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

9. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

10. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अह्र्ता समाप्त हो जायेगी।

11. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

12. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

13. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

14. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

15. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा–11, एवं भारतीय दंड संहिता की धारा– 428 व 429 के तहत दंडनीय अपराध है। अतः न्यास/मंदिर/मंठ आदि में रहने वाले गोवंश एवं अन्य पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य करना जिससे किसी पशु के प्रति क्रुरता एवं परिणाम वध/मृत्यु होता हो या ऐसे कार्यो को बढ़ावा मिलता हो ऐसा कोई कार्य कोई भी न्यासधारी/सेवायत/महंत या न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

उपर्युक्त योजना को मूर्त्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति गठित की जाती हैः–

1. श्री नन्द किशोर सिन्हा,	–	अध्यक्ष
2. श्री अमर कुमार मिश्रा	–	सचिव
3. श्री मदन किशोर झा	–	कोषाध्यक्ष
4. श्री कमल घोष	–	सदस्य
5. श्री मनोज उपाध्याय	–	सदस्य
6. श्री सुदेश कुमार सिन्हा	–	सदस्य
7. श्री दिवाकर झा	–	सदस्य
8. श्री ओमप्रकाश मंडल	–	सदस्य
9. श्री संजय कुमार दास	–	सदस्य
10. श्री अरूण कुमार सिन्हा	–	सदस्य
11. श्री कुमार विवेक	–	सदस्य

सभी साकिन– पुरानी ठाकुरवाड़ी, बांका, निकट– मुख्य डाकघर बांका, जिला– बांका।

न्यास समिति को पूर्ण रूप से अधिकार होगा की नये सिरे से मंदिर की भूमि की बन्दोबस्ती करें तथा पुराना बकाया राशि की बसूली करें।

उपरोक्त वर्णित न्यास समिति का कार्य–काल अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से 01 वर्ष का होगा। सदस्यों का चरित्र सत्यापन संबंधित थाने से प्राप्त होने पर एवं कार्य संतोषजनक पाये जाने पर समिति के कार्यकाल का विस्तार किये जाने पर निर्णय लिया जायेगा।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में संबंधित भूमि ''श्री लक्ष्मी नारायण ठाकुरबाड़ी, बांका, जिला–बांका,'' के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

4 अक्तूबर 2023

सं0 2458——**श्री राम जानकी मंदिर, साधर सुलतानपुर, टोले–सरसैया, जिला–सिवान,** पर्षद में निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है,जिसकी निबंधन सं0– 4548 है।

इस न्यास में पूर्व में अनाधिकृत रूप से श्री विजय कुमार द्वारा कब्जा कर रखा गया था। उन्हें सूनवाई का पर्याप्त अवसर देते हुए तथा दिनांक 23/02/2022 को उन्हें और उनके अधिवक्ता तथा अंचलाधिकारी की रिपोर्ट, ग्रामीणों की तरफ से उपस्थित सदस्यों को विस्तार पूर्वक सुनने के पश्चात श्री विजय कुमार मिश्रा के महंती के दावे को निरस्त किया गया और मंदिर की सुव्यवस्था हेतु एक न्यास समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया और उसी आलोक में 11 व्यक्तियों के नामों की मांग अंचलाधिकारी से की गयी।

पर्षद के पत्र के आलोक में अंचलाधिकारी द्वारा एक आम सभा दिनांक 06/06/2023 को उनकी अध्यक्षता में की गयी तथा 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद में दिया गया, जिसमें 07 व्यक्ति एक हीं जाति से आते हैं, जो कि उचित नहीं है। अतः न्यास की सुव्यवस्था एवं सम्पतियों की सुरक्षा हेतु प्रस्तावित नामों में से केवल 07 सदस्यों की न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए करने का निर्णय सूनवाई आदेश दिनांक– 25.08.2023 में लिया गया।

अतः मैं,अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 की धारा– 32 में धार्मिक न्यास पर्षद को प्रदत्त अधिकार जो **बिहार हिन्दूधार्मिक न्यास अधिनियम की उप विधि सं0– 43 (द) के तहत अध्यक्ष को प्राप्त है**, का प्रयोग करते हुए "**श्री राम जानकी मंदिर, साधर सुलतानपुर, टोले–सरसैया, जिला–सिवान,**"के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक् विकास हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन करता हूँ।

योजना

1.बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम "**श्री राम जानकी मंदिर, साधर सुलतानपुर, टोले–सरसैया, जिला–सिवान,**" होगा

और इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम "**श्री राम जानकी मंदिर, साधर सुलतानपुर, टोले–सरसैया, जिला–सिवान,**" होगी, जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल सम्पत्तियों के संधारण एवं संचालन का अधिकार रहेगा।

2.न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3.न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और समीप के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर (यदि पूर्व से न्यास के नाम से खाता संचालित हो, तो उसमें) जमा किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा। खाते का संचालन सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा।

4.मठ/मंदिर परिसर में जगह–जगह भेंटपात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

5.दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

6.मठ परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जायेगा और मठ की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

7.न्यास समिति द्वारा मठ/मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

8.न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ/मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

9.न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

10. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अह्र्ता समाप्त हो जायेगी।

11. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

12. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

13. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

14. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

15. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा–11, एवं भारतीय दंड संहिता की धारा– 428 व 429 के तहत दंडनीय अपराध है। अतः न्यास/मंदिर/मंठ आदि में रहने वाले गोवंश

एवं अन्य पशुओं (गोवंश/गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना/भोजन नहीं देना/ऐसा कोई कार्य करना जिससे किसी पशु के प्रति क्रुरता एवं परिणाम वध/मृत्यु होता हो या ऐसे कार्यो को बढ़ावा मिलता हो ऐसा कोई कार्य कोई भी न्यासधारी/सेवायत/महंत या न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

उपर्युक्त योजना को मूर्तरूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति गठित की जाती हैः–

1. अंचलाधिकारी, भगवानपुर हाट	–	अध्यक्ष
2. श्री अवधेश ठाकुर, पिता–स्व0 जमादार ठाकुर	–	उपाध्यक्ष
3. श्रीराम नरेश मिश्र, पिता–शिव जनक मिश्रा	–	सचिव
4. श्री मनु कुमार साह, पिता–स्व0 भागीरथ साह	–	कोषाध्यक्ष
5. श्री दिनेश साह, पिता–शिव मंगल साह	–	सदस्य
6. श्री अभय मिश्र, पिता–देवनंदन मिश्रा	–	सदस्य
7. श्री अंकुर दास,	–	सदस्य–सह–पुजारी

पता–श्री राम जानकी मंदिर, साधर सुलतानपुर, टोले– सरसैया।

सभी ग्राम– साधर सुलतानपुर, टोले सरसैया, थाना+अंचल–भगवानपुर हाट, जिला–सीवान। पिन– 841417

न्यास समिति को पूर्ण रूप से अधिकार होगा की नये सिरे से मंदिर की भूमि की बन्दोबस्ती करें तथा पुराना बकाया राशि की बसूली करें।

उपरोक्त वर्णित न्यास समिति का कार्य–काल अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से 01 वर्ष का होगा। सदस्यों का चरित्र सत्यापन संबंधित थाने से प्राप्त होने पर एवं कार्य संतोषजनक पाये जाने पर समिति के कार्यकाल का विस्तार किये जाने पर निर्णय लिया जायेगा।

उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में संबंधित भूमि "श्री राम जानकी मंदिर, साधर सुलतानपुर, टोले–सरसैया, जिला–सिवान," के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः– न्यास समिति/पदाधिकारी/सदस्य को न्यास की कोई भी सम्पत्ति/भूमि का हस्तान्तरण/बदलैन/विक्रय/पट्टा/लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

21 अगस्त 2023

सं0 1853––**कबीर पंथी मठ,** ग्राम–परिहारा, पो0–गैनी, अनुमंडल–दाउदनगर, अंचल–ओबरा, थाना–खुंदमा, जिला–औरंगाबाद एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है।

उक्त न्यास के संबंध में श्री भजनानंद दास पर्षद में उपस्थित होकर कथन किया है कि परिहारा कबीर मठ, जो पूर्व में फतुहा कबीर मठ की शाखा थी, परन्तु पिछले कई वर्षो से नियमित रूप से देखभाल नहीं हो रही है, जिससे सम्पति का कब्जा और बदंरबाट हो रहा है, जबकि मठ धार्मिक न्यास पर्षद में उक्त न्यास की संचिका संधारित है। पूर्व से उक्त मठ की देखभाल कबीर मठ के साधु–संतो द्वारा की जाती है।

उक्त मठ में लगभग 26 बी0 16 क0 जमीन है, प्रार्थी द्वारा अपने को महंत बनाए जाने के संबंध में चादर, पगड़ी का फोटों तथा मठ की भूमि से संबंधित विभिन्न न्यायालयों में जो मुकदमें चल रहे है, प्रार्थी पक्षकार बन चुके हैं अतः प्रार्थी, भजनानंद को उपरोक्त दस्तावेज के आलोक में अस्थायी रूप से न्यासधारी बनाया जाता है तथा निर्देश दिया जाता है कि मठ की सम्पति के संबंध में जितने भी दस्तावेज उनके पास हो तथा विभिन्न न्यायालयों में जो मुकदमें विचाराधीन है और मठ की सम्पति पर जो अवैध रूप से लोगों का अतिक्रमण है, उन सब का स्पष्ट व्यौरा 03 माह के अंदर दाखिल करेंगे, जिससे मठ की भूमि को खाली कराए जाने संबंधी कार्यवाई की जा सकें।

अतः उपरोक्त परिस्थिति को देखते हुए **श्री भजनानंद दास** को उक्त मठ का न्यासधारी नियुक्त किया जाता है।

1.कबीर पंथी मठए परिहारा, औरंगाबाद के नाम से राष्ट्रीयकृतबैंक में खाता खोलवाकर खाता का पासबुक पर्षद दाखिल करें तथा सारे श्रोत से प्राप्त आय को उक्त खाता में रखेंगें।

2.10,000/– (दस हजार) रू0 से अधिक की राशि का खर्च चेक के माध्यम से करेंगे।

3.मठ में जो पीली और सफेद धातु अगर चढ़ाई जाती है तो उसको एक अलग रजिस्टर में प्रत्येक दिन अंकित करेंगे।

4.यदि कोई चल या अचल सम्पति किसी के द्वारा अधिगृहित या अतिक्रमित है, तो उसे वापस लाने के लिए कानूनी कार्रवाई करेंगे।

5.सम्पतियों का दुरूपयोग या स्वार्थवश उपयोग नहीं करेंगे।

6. किसी भी अपराधिक कृत्य में संलिप्त नहीं रहेंगे।

7.ये न्यास की सम्पति का संरक्षण करेंगे।

8.ये न्यास की चल या अचल सम्पति का हस्तांतरण (विक्रय), बदलैन या लीज अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के विपरित किसी के पक्ष में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अनुमति के बिना नहीं करेंगे। अगर किसी प्रकार का हस्तांतरण बदलैन या लीज किया जाता है तो वह अवैध एवं अमान्य होगा तथा अपराधिक विचारण प्रक्रिया प्रारंम्भ की जायेगी।

9.अंचल के भूराजस्व में भूमि ''कबीर पंथी मठ'' ग्राम– परिहारा के नाम से इन्द्राज करायेंगें, अगर पहले से अंकित है तो उनमें कोई नामान्तरण या संसोधन नहीं होगा।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

20 सितम्बर 2023

सं0 2211——**श्री कारू खिरहरी स्थान, महपुरा, ग्राम–महपुरा, पोस्ट– मैनाग्राम, थाना–महिषी, जिला–सहरसा**,बिहार राज्य धार्मिक न्यास,पर्षद के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं0–1553है।

उक्त न्यास की अंतरिम व्यवस्था हेतु दिनांक–19/02/2021 को 05 व्यक्तियों की समिति गठित की गयी थी।दिनांक– 23/03/2021 को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा 10 व्यक्तियों के नामों की सूची प्राप्त हुयी थी, उसमें कुछ व्यक्तियों के विरूद्ध स्थानीय लोगों का विरोध था तथा कुछ के विरूद्ध आपराधिक इतिहास की जानकारी दी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्राप्त नामों पर विचारोपरान्त 07 सदस्यों की समिति 01 वर्ष के लिए पर्षदीय आदेश दिनांक–04/05/2022 द्वारा गठित की गयी। इसी बीच कुछ ग्रामीणों के द्वारा गठित न्यास समिति के श्री वैद्यनाथ खिरहर के विरूद्ध महिषी थाना कांड सं0–14/91, उपेन्द्र खिरहर के विरूद्ध नालसी वाद सं0–385/15, मिथिलेश खिरहर के विरूद्ध महिषी थाना कांड सं0–155/19 एवं संजीत खिरहर के विरूद्ध महिषी थाना कांड सं०– 14/21 की शिकायत की गयी, जिसपर उक्त चारों व्यक्तियों को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त व्यक्तियों के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में वैद्यनाथ खिरहर द्वारा कथन किया गया कि महिषी थाना कांड सं0–14/91 दहेज अधिनियम के विरूद्ध वाद था, जो समाप्त हो चुका है। इसी प्रकार उपेन्द्र खिरहर के विरूद्ध नालसी वाद सं0–385/15 था, जिसपर उनके द्वारा कथन किया गया है, वाद समाप्त हो चुका है। शेष 02 व्यक्ति मिथिलेश खिरहर, संजीत खिरहर द्वारा उनके विरूद्ध मुकदमा होने की बात स्वीकार किया गया और कथन किया गया कि वह जमानत पर हैं, अभी निर्णय नहीं हुआ है।इसी बीच ग्रामीणों को बैठक करके कुछ नामों का प्रस्ताव की मांग की गयी, जिसपर ग्रामीणों द्वारा और शिकायतकर्त्तागण द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया और बैठक करके बहुत से ग्रामीणों के उपस्थिति में प्रस्तावित सं0–01 से 07 व्यक्तियों को न्यास समिति में रखे जाने प्रस्ताव दिया गया है, उन 07 प्रस्तावित नामों पर थाने को भेजकर चरित्र सत्यापन रिपोर्ट की मांग की गयी।

संबंधित थाने द्वारा अपना ज्ञापांक–349/23, दिनांक–12/04/2023 द्वारा रिपोर्ट किया है कि प्रस्तावित 07 नामों में से 02 नाम क्रमशः श्री ललन कुमार यादव एवं श्री नरेश कुमार यादव महिषी थाना कांड सं0–319/22 में अभियुक्त है।तारणी खिरहर के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज है और उपस्थित ग्रामीणों द्वारा पर्षद को सूचना प्राप्त हुयी कि तारणी खिरहर ने समिति और पर्षद के विरूद्ध जिला न्यायालय सहरसा में वाद सं0–01/2023 दाखिल किया है, इसलिए उनके नाम पर विचार किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।

उपरोक्त परिस्थिति मेंश्री ललन कुमार एवं श्री नरेश कुमार यादव के नामों को छोड़कर के शेष 05 नामों पर विचार करते हुए तथा पूर्व न्यास समिति के मिथिलेश खिरहर, संजीत खिरहर,जिनके विरूद्ध आपराधिक वाद विचाराधीन है एवं तारिणी खिरहर को न्यास समिति से विरमित करते हुये, चूंकि न्यास समिति केएक वर्ष का कार्यकाल भी समाप्त हो चुका है, इस हेतु नए सिरे से योजना का निरूपण करते हुए, अग्रलिखित न्यास समिति का गठन का निर्णय लिया गया।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–04/08/2023 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री कारू खिरहरी स्थान, महपुरा, ग्राम– महपुरा, पोस्ट– मैनाग्राम, थाना– महिषी, जिला– सहरसा** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

1.अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम ''**श्री कारू खिरहरी स्थान न्यास योजना, महपुरा, ग्राम– महपुरा, पोस्ट– मैनाग्राम, थाना– महिषी, जिला– सहरसा**'' होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम ''**श्री कारू खिरहरी स्थान न्यास समिति, महपुरा, ग्राम– महपुरा, पोस्ट– मैनाग्राम, थाना– महिषी, जिला– सहरसा**'' जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2.न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3.न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4.न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5.मठ परिसर में जगह–जगह दान–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत 03 सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6.दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7.मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8.न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9.न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत, विकासात्मक कार्य की पूर्ण जानकारी आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अह्र्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

14. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

15. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

16. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक न्यास समिति 01 वर्ष के लिए अस्थायी रूप सेगठित की जाती हैः–

01. अनुमंडल पदाधिकारी, सहरसा	–अध्यक्ष
02. श्री उपेन्द्र खिरहर पिता– स्व० रामस्वरूप खिरहर	–उपाध्यक्ष
03. श्री वैद्यनाथ खिरहर पिता–स्व० बाबूजी खिरहर	–सचिव
04. श्री हरदेव खिरहर पिता– स्व० गयाधर खिरहर	–सह–सचिव
05. श्री संजय कुमार पिता– श्री गोपाल यादव	–कोषाध्यक्ष
06. श्री अरूण सिंह पिता– स्व० रामनन्दन सिंह	–सदस्य
07. श्री श्याम देव खिरहर पिता– स्व० बबुअन खिरहर	–सदस्य
08. श्री रविन्द्र खिरहर पिता– स्व० विशेश्वर खिरहर	–सदस्य
09. श्री राघवेन्द्र कुमार पिता– श्री तनुक लाल खिरहर	–सदस्य

क्रम सं०– 02 से 09का पता–ग्राम– महपुरा, पोस्ट– मैनाग्राम, थाना– महिषी, सहरसा।

नोटः–1. न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।

2.उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में ''श्री कारू खिरहरी स्थान, महपुरा, ग्राम–महपुरा, पोस्ट– मैनाग्राम, थाना– महिषी, जिला– सहरसा'' के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

3. न्यास समिति / पदाधिकारी /सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

20 सितम्बर 2023

सं0 2214––**श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम–चकभारो, पोस्ट– पहाड़पुर, अंचल– सिमरी बख्तियारपुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला–सहरसा**, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–4728/23 है।

उक्त न्यास काफी प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल है।श्री रघुवीर दास द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिनांक–02/05/2023 को दिया गया कि वह काफी वृद्ध हो गये है और शारीरिक रूप से कमजोर हैं। इस कारण मंदिर की व्यवस्था हेतु एक न्यास समिति का गठन किया जाय। इस हेतु उनके द्वारा 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया गया है और बैठक दिनांक–14/04/2023 की प्रति भी संलग्न की गयी है।इसी तरफ संजय कुमार सिंह व कुछ अन्य व्यक्तियों के हस्ताक्षर से एक प्रार्थना पत्र दिनांक–31/03/2023 को प्राप्त कराया गया कि मंदिर की 10 बी0 जमीन की आमदनी को निजी प्रयोग में न्यासधारी मंहत द्वारा लिया जा रहा है। ठाकुरबाड़ी का कोई विकास नहीं किया गया है। प्रत्येक वर्ष लगभग 4,00,000/–रु0 की आय विभिन्न स्रोतों से होती है।फर्जी तरीके से मंदिर की भूमि का जमाबंदी भी रघुवीर दास द्वारा अपने नाम से करा लिया है। ग्रामीणों द्वारा ठाकुरबाड़ी के विकास तथा आय का हिसाब मांगने पर गलत मुकदमों में फँसाए जाने की धमकी जी जाती रही और अपशब्दों का प्रयोग किया जाता रहा। आरोप लगाया कि पिछले 40 वर्ष में लगभग 1,60,00,000/–रु0 का राजस्व गबन किया गया है।

दिनांक– 04/08/2023 को पर्षद में डॉ0 भागवत प्रसाद मेहता व कुछ स्थानीय लोग तथा श्री रघुवीर दास के साथ 03 साधु और लगभग 15 ग्रामीण उपस्थित हुये। श्री रघुवीर दास का कथन है कि लगभग 05 बी0 भूमि खेती की है, बाकी भूमि बलुई है और उसकी आय से उनके द्वारा एक गोलघर, अनाज गृह तथा साधु–संतों को रहने हेतु चबुतरा और बड़ा हॉल का निर्माण किया है। संचिका पर उपलब्ध फोटोग्राफ से स्पष्ट होता है कि मंदिर में सभी जनसामान्य दर्शन आदि करने के लिए उपस्थित होते हैं। मंदिर के विकास हेतु भी कई कार्य किए गए हैं, परन्तु न्यासधारी रघुवीर दास द्वारा नियमित रूप से पिछले कई वर्षों से अधिनियम की धारा– 59, 60 और 70 का पालन नहीं किया जा रहा है। वर्ष 2003 में अंतिम बार उनके द्वारा आय–विवरणी प्रस्तुत की गयी और लगातार पत्र लिखे जाने के उपरांत भी उपस्थित नहीं हुये। दिनांक–29/11/2013 को पर्षद कार्यालय में आकर उनके द्वारा शुल्क के रूप में 4,000/–रु0 की राशि जमा कर दी गयी। उनका स्वयं का कथन है कि वे काफी वृद्ध हो चुके हैं।

उपरोक्त परिस्थितियों में न्यास समिति का गठन किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। उक्त मंदिर की प्रबंधन, व्यवस्था हेतु एक योजना का निरूपण करते हुए, उपरोक्त माध्यम से प्राप्त हुये नामों पर विचार व उपस्थित ग्रामीणों की सहमति से न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए का निर्णय लिया गया।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–04/08/2023 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम– चकभारो, पोस्ट– पहाड़पुर, अंचल– सिमरी बख्तियारपुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला– सहरसा** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

4.अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम "**श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, ग्राम– चकभारो, पोस्ट– पहाड़पुर, अंचल– सिमरी बख्तियारपुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला– सहरसा**" होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम "**श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास समिति, ग्राम– चकभारो, पोस्ट– पहाड़पुर, अंचल– सिमरी बख्तियारपुर, थाना–बख्तियारपुर, जिला– सहरसा**" जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2.न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3.न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4.न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5.मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6.दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7.मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8.न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9.न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अर्ह्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

17. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है।न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों कीएक न्यास समिति गठित की जाती हैः–

01. महंत श्री रघुवीर दास	–	अध्यक्ष
02. डॉ0 भागवत प्रसाद मेहता	–	सचिव
03. श्री हरिनंदन प्रसाद सिंह	–	उपाध्यक्ष
04. श्री राजकुमार सिंह	–	कोषाध्यक्ष, सेवा निवृत्त भा0 सेना
05. श्री दिलीप नारायण सिंह	–	सदस्य
06. श्री पंकज कुमार सिंह	–	सदस्य
07. श्री शिवकुमार उर्फ शंकर	–	सदस्य
08. श्री संजय कुमार सिंह	–	सदस्य
09. श्री इन्दल सादा	–	सदस्य
10. श्री आनंद कुमार	–	सदस्य
11. थानाध्यक्ष, बख्तियारपुर	–	सदस्य

क्रम सं०–1–10 का पता–ग्राम– चकभारो, पोस्ट– पहाड़पुर, अंचल– सिमरी बख्तियारपुर, थाना– बख्तियारपुर, जिला– सहरसा।

नोटः–1.न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।

2.उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में ''श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम– चकभारो, पोस्ट– पहाड़पुर, अंचल– सिमरी बख्तियारपुर, थाना– बख्तियारपुर, जिला– सहरसा''के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

3.न्यास समिति / पदाधिकारी सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

22 सितम्बर 2023

सं0 2272––**संत कबीर कुटी, ग्राम– हरिहरपट्टी, पोस्ट+थाना+अंचल– पिपरा, जिला–सुपौल**, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित है, जिसकी निबंधन सं0–4201 है।

पूर्व में कबीर मठ की देखभाल श्री तिलक दास द्वारा की जा रही थी। तदोपरान्त दुली दास द्वारा उसका व्यवस्था व प्रबंधन किया जाता रहा। दिनांक– 25/07/2011 को कमल दास द्वारा पर्षद में एक प्रार्थना–पत्र दिया गया कि ग्रामीणों की एक बैठक करके प्रार्थी को एवं वैरागीनी बुधनी दासीन को सम्पति की देखभाल करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। उनके द्वारा मंदिर के नाम से इन्द्राज खतियान की प्रति भी दाखिल की गयी, जिसमें उल्लेख है कि खाता सं0– 245, पुराना सर्वे सं0– 1051, 1052, 1171, 1172, नया सं0– 425, 426, 455, 456, रैयत के रूप में **श्री श्री 108 संत कबीर दास सेवायत, दुली दास का इन्द्राज है।**उक्त दोनों महंतों का स्वर्गवास लगभग 30 से 40 वर्ष पूर्व हो चुका है। पर्षदीय आदेश दिनांक– 09/04/2012 को अचंलाधिकारी द्वारा उक्त मठ का संचालन करने हेतु न्यास समिति गठन किए जाने का प्रस्ताव की मांग की गयी। पर्षदीय पत्र के आलोक में अंचलाधिकारी के प्रतिवेदन दिनांक– 16/07/2012 द्वारा प्रस्तावित नामों की एक न्यास समिति का गठन दिनांक– 30/10/2012 को किया, जिसमें श्री शिवशंकर सिंह को अध्यक्ष नामित किया गया, परन्तु न्यास समिति द्वारा कोई प्रभावी कार्य नहीं किया गया; ना कभी पर्षद में बजट, आय–विवरणी आदि प्रस्तुत की गयी। आय–विवरणी प्रस्तुत करने का कार्य कमल दास द्वारा ही किया जाता रहा। न्यास समिति के अध्यक्ष, श्री शिवशंकर सिंह को 15 से अधिक पत्र निबंधित डाक द्वारा भेजे गए, परन्तु ना तो वह कभी उपस्थित हुए, ना कभी प्रतिउत्तर प्रस्तुत किया। चूँकि उक्त न्यास

समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और उसके लगभग 04 सदस्यों का स्वर्गवास हो चुका है।ऐसी परिस्थिति में नवीन न्यास समिति गठन हेतु अंचलाधिकारी से नामों की मांग की गयी है। अंचलाधिकारी के पत्रांक– 445, दिनांक–23/03/2021 द्वारा 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव दिया है, परन्तु उन्होंने श्री शिवशंकर सिंह को पुनः अध्यक्ष के रूप में नामित किया है, जबकि उक्त श्री शिवशंकर सिंह द्वारा पर्षद के द्वारा भेजे गए पत्रों का कभी कोई ना तो प्रतिउत्तर दिया, ना कभी पर्षद के समक्ष उपस्थित हुए।

इस कारण ऐसे व्यक्ति को पुनः न्यास समिति में स्थान देना उचित प्रतीत नहीं होता है। उपरोक्त परिस्थिति में श्री शिवशंकर सिंह के स्थान पर अंचलाधिकारी को अध्यक्ष नामित करते हुये शेष प्रस्तावित नामों की न्यास समिति गठन करने का निर्णय लिया जाता है और संरक्षक–सह–प्रभारी के रूप में श्री कमल दास को अधिकृत किया जाता है, जो विगत 10–12 वर्षों से लगातार मठ में रहकर के राग–भोग, पूजा–पाठ आदि का कार्य कर रहे हैं।दिनांक– 02/08/2023 कोश्री कमल दास द्वारा ही उक्त शिवशंकर के हस्ताक्षर से एक प्रार्थना–पत्र दिया गया, जिसमें उल्लेख किया गया है कि लगभग 09 व्यक्तियों द्वारा मठ की भूमि पर आवास बनाकर रह रहे हैं, जबकि उनको खाली कराए जाने के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा भी आदेश पारित किया गया, परन्तु उनके द्वारा जमीन खाली नहीं की गयी। यह भी उल्लेख किया है कि कुछ जमीन पर निजी प्राथमिक विद्यालय का संचालन हो रहा है और उस विद्यालय द्वारा भी किसी प्रकार की कोई राशि नहीं दी जाती है। आगे उल्लेख किया है कि चदां–चढ़ावा आदि से एक विशाल मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में पर्षद के समक्ष उपस्थित श्री कमल दास द्वारा एक फोटोग्राफ दाखिल किया गया, जिससे स्पष्ट होता है कि 03 गुम्बजनुमा मंदिर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। श्री कमल दास द्वारा यह भी कथन किया गया कि लगभग 10,00,000/–रु0 की राशि व्यय की गयी है।

उपरोक्त परिस्थिति में मंदिर की व्यवस्था, प्रबंधन हेतु एक योजना का निरूपण करने एवं इसके कार्यान्वयन हेतुअंचलाधिकारी की अध्यक्षता मेंन्यास समिति के गठन का निर्णय लिया गया है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–02/08/2023 के आलोक में बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए **संत कबीर कुटी, ग्राम– हरिहरपट्टी, पोस्ट+थाना+अंचल– पिपरा, जिला–सुपौल** की सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सुप्रबंधन हेतु नीचे लिखे योजना का निरूपण किया जाता है तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति अस्थायी रूप से गठित की जाती है।

योजना

4.अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम "**संत कबीर कुटी न्यास योजना, ग्राम– हरिहरपट्टी, पोस्ट+थाना+अंचल– पिपरा, जिला–सुपौल**" होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम "**संत कबीर कुटी न्यास समिति, ग्राम– हरिहरपट्टी, पोस्ट+थाना+अंचल– पिपरा, जिला–सुपौल**" जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2.न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3.न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4.न्यास के खाते का संचालन दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5.मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6.दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7.मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिरकी गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8.न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9.न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10 न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अर्हता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों/निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मठ के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

16. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

17. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है।न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों कीएक न्यास समिति गठित की जाती हैः–

01. श्री कमल दास, संत कबीर कुटी, हरिहरपट्टी, पिपरा, जिला– सुपौल	– संरक्षक–सह–पूजारी
02. अंचल पदाधिकारी, पिपरा, जिला– सुपौल	– अध्यक्ष
03. श्री बम मंडल पिता– स्व० दाहु मंडल, हरिहरपट्टी, पिपरा, सुपौल	– उपाध्यक्ष
04. श्री बच्चा लाल साह पिता– स्व० रामफल साह, हरिहरपट्टी, पिपरा सुपौल	– सचिव
05. श्री विश्वनाथ राम पिता– स्व० नन्देराम, हरिहरपट्टी, पिपरा, सुपौल	– कोषाध्यक्ष
06. श्री शम्भु दास पिता– स्व० त्रिभुवन दास, हरिहरपट्टी, पिपरा, सुपौल	– सदस्य
07. श्री योगेन्द्र मंडल पिता– बसंती मंडल, हरिहरपट्टी, जिला– सुपौल	– सदस्य
08. श्री रितेश यादव पिता– परमेश्वरी प्र० यादव, विशनपुर, जिला– सुपौल	– सदस्य
09. श्री नागेश्वर राम पिता– स्व० मधुकर राम, विशनुपर, सुपौल	– सदस्य
10. श्री प्रभु यादव पिता– गुनी यादव, विशनुपर, जिला– सुपौल	– सदस्य
11. श्री पन्ना लाल साह पिता– गोनर साह, हरिहरपट्टी, पिपरा, सुपौल	–सदस्य

नोटः–1. न्यास समिति गठन हेतु उपरोक्त आदेश पर्षद द्वारा सर्वसम्मति से पारित है।

2 उक्त आदेश के आलोक में राजस्व अभिलेख में ''संत कबीर कुटी, ग्राम– हरिहरपट्टी, पोस्ट+थाना+अंचल– पिपरा, जिला–सुपौल'' के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

3 न्यास समिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

---

29 अगस्त 2023

सं0 2034––**श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट–चेचाढ़ी, जिला–औरंगाबाद,** बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है। इसकी निबंधन सं0–973 है।

उक्त मंदिर में दिनांक– 16/02/1952 को दानकर्ता ने लगभग 32 बीघा जमीन निबंधित विलेख द्वारा समर्पणनामा किया और मंदिर एवं मंदिर की भूमि की व्यवस्था हेतु 18 व्यक्तियों की न्यास समिति की गठन किया गया, जिसमें से अधिकांश लोगों का स्वर्गवास हो गया है। मात्र श्री रामाश्रय दूबे और श्री ललन उपाध्याय जीवित हैं। उक्त दोनों व्यक्तियों ने अपनी शारीरिक कमजोरी और अधिक उम्र होने के कारण दिनांक– 24/05/199 को निबंधित विलेख द्वारा 05 व्यक्तियों क्रमशः 1. महेन्द्र तिवारी, 2. रामदेव त्रिवेदी, 3. प्रहलाद त्रिवेदी, 4. धनन्जय पाठक, एवं 5. शत्रुघ्न त्रिवेदी को न्यासधारी के रूप में नियुक्त किया, परन्तु कार्य का संचालन संतोषजनक नहीं होने के कारण पर्षद ने अपने अधिसूचना ज्ञापांक– 646, दिनांक– 02/05/2002 द्वारा 07 व्यक्तियों की न्यास समिति का गठन किया गया। पर्षद को यह जानकारी प्राप्त हुई कि गठित न्यास समिति के दो सदस्य श्री मनीराम दूबे एवं श्री विश्वामित्र दूबे कभी बैठक या मंदिर में उपस्थित नहीं होते हैं। एक सदस्य श्री प्रहलाद तिवारी का भी स्वर्गवास हो चुका था। इस कारण 03–04 व्यक्तियों द्वारा न्यास समिति का संचालन किया जा रहा था, परन्तु न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से पर्षद में अधिनिमय की धारा– 59, 60, और 70 का पालन नहीं किया जाता रहा। बारम्बार नोटिस दिये जाने पर चार–पांच सालों के अन्तराल पर आकर आय–व्यय विवरणी प्रस्तुत कर खानापूर्ति की जाती रही। मंदिर के नाम से कोई खाता भी नहीं खोला गया।

ऐसी स्थिति में पर्षद द्वारा नयी न्यास समिति गठन किये जाने का निर्णय लेते हुए अंचलाधिकारी से नामों की मांग की गयी, परंतु बारम्बार पत्र दिये जाने के उपरान्त अंचलाधिकारी ने दिनांक' 11/01/2021 को छः वर्ष पूर्व अर्थात वर्ष 2015 में जो आमसभा द्वारा नामों का प्रस्ताव किया गया था, उसे भेजा। चूंकि उक्त प्रस्ताव में वर्णित नाम छः–सात वर्ष बाद प्राप्त हुआ। उस पर कोई निर्णय लिया जाना उचित नहीं समझ कर पुनः नये सिरे से नामों की मांग की गयी। पर्षद की जानकारी में यह भी लाया गया कि लगभग $8\frac{1}{2}$ बीघा जमीन राधेश्याम सिंह, ग्राम– तेन्हुआ द्वारा वर्ष 2015 से अवैध रूप से कब्जा कर किसी प्रकार की बंदोबस्ती की राशि नहीं देते हैं, जिस संबंध में पर्षद द्वारा निबंधित डाक द्वारा पुलिस के माध्यम से नोटिस

और अंतिम अवसर देते हुए नोटिस जारी किया गया, परन्तु न तो उनके द्वारा कोई प्रति–उत्तर दाखिल किया गया और न हीं बंदोबस्ती की राशि जमा की गयी। इस संबंध में श्री महेन्द्र पाठक द्वारा लिखित कथन किया गया कि इस वर्ष श्री राधेश्याम सिंह ने जमीन नहीं जोता है और जमीन मंदिर के कब्जे में आ गयी है। वर्ष 2002 में गठित न्यास समिति, पर्षद के पत्रांक– 2762, दिनांक– 19/08/2005 द्वारा आय–व्यय विवरणी, बजट, दाखिल नहीं करने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की गयी और कोई स्पष्टीकरण नहीं दिये जाने के कारण, उस समिति को भंग करके धारा– 33 के अन्तर्गत अंचलाधिकारी को अस्थायी न्यासधारी नियुक्त किया गया, परन्तु अंचलाधिकारी द्वारा कभी भी प्रभार नहीं ग्रहण गया। अस्थायी न्यासधारी की समय–सीमा 01 वर्ष समाप्त होने के उपरान्त उक्त न्यास समिति द्वारा आय–व्यय विवरणी दाखिल कर न्यास समिति को कार्य किये जाने के संबंध में प्रार्थना–पत्र दाखिल किया, जिस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका और वह समिति कार्य करती रही। चूंकि न्यास समिति को पुनर्जीवित नहीं किया गया। पर्षद के आदेश दिनांक– 24/01/2014 को नयी न्यास समिति गठन किये जाने हेतु नामों की मांग की अंचलाधिकारी से की गयी और नाम प्राप्त होने के संबंध में संचिका वर्ष 2014 से 2022 तक चलती रही। इसी बीच समय–समय पर शिकायत भी प्राप्त होती रही और उक्त न्यास समिति की तरफ से श्री महेन्द्र त्रिवेदी द्वारा कभी–कभी आय–व्यय विवरणी भी दाखिल की जाती रही, जिसे पर्षद द्वारा स्वीकार किया जाता रहा। पर्षद के समक्ष श्री महेन्द्र पाठक तथा स्थानीय नागरिकों की तरफ से श्री दिनेश कुमार लाल, श्री मनिराम दूबे व कुछ अन्य व्यक्ति भी उपस्थित हैं। मनीराम दूबे तथा अन्य स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले लगभग 20 वर्षों से मंदिर की आय को श्री महेन्द्र पाठक द्वारा अपने निजी हित में प्रयोग किया जाता रहा है, जिसमें लगभग 03–04 लाख रूपये प्रतिवर्ष की आय है तथा कथन करते हैं कि अंचलाधिकारी के द्वारा जो नाम प्रस्तावित किया गया है, उसकी न्यास समिति बनायी जाए, जबकि महेन्द्र पाठक का कथन है कि वर्ष 2002 से लगातार न्यास समिति के सदस्यों के द्वारा मंदिर की देखभाल, पूजा–पाठ, राग–भोग और उनकी बंदोबस्ती की जा रही है। वर्ष 2015 में राधेश्याम सिंह द्वारा $8\frac{1}{2}$ बीघा भूमि बलपूर्वक कब्जा कर लिया था, जिसमें मनीराम दूबे द्वारा भी सहयोग किया गया था और उस भूमि को किसी प्रकार की आय प्रार्थी को नहीं प्राप्त होती है। शेष भूमि को प्रार्थी के द्वारा बंदोबस्ती कर, खेती करायी जाती है, जिससे इस वर्ष 1,60,000/–रू0 की बंदोबस्ती राशि प्राप्त हुई है। आगे यह भी बताया कि कुछ अपराधिक तत्वों के द्वारा मंदिर में विराजमान अष्टधातु की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था।प्रार्थी को मंदिर कीभूमि से होने वाली आय आदि से मंदिर में संगमरमर की चार प्रतिमाएँ (श्रीराम, सीताजी, लक्ष्मणजी, एवं हनुमान जी) गया जिले से क्रय कर स्थापित की है तथा स्थापना का आयोजन भी किया गया था। मंदिर की छत की रंगाई–पोताई भी करायी गयी है। छत की ढ़लाई की गयी और मंदिर का जीर्णोद्धार भी विगत 02 वर्षों में किया गया है, जिसमें लगभग 03 लाख रू0 खर्च किये गये हैं। आगे कथन करते हैं कि एक न्यास समिति गठित की जाए, उन्हें कोई आपत्ति नहीं है और उनको भी न्यास समिति में स्थान दिया जाए। चूंकि प्रार्थी मंदिर में पूजा–पाठ काफी समय से करते आ रहे हैं और अन्य कोई सहायता उनके जीविकोपार्जन के लिए नहीं है। इस हेतु उन्हें निर्धारित राशि देकर न्यास समिति का गठन किया जाता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। आगे कथन करते हैं कि उनके द्वारा एक ईंच भूमि मंदिर की किसी भी व्यक्ति को विक्रय नहीं किया गया है और न हीं किसी को बंधक या रेहन किया गया है। पिछले लगभग 20 वर्षों से कोई अंतिम आदेश पारित नहीं होने के कारण मंदिर और मंदिर की भूमि का दुरूपयोग निजी लाभ में किया जाता रहा।इस कारण इस विषय को लंबित रखना उचित नहीं है और एक योजना का निरूपण करते हुए इसके कार्यान्वयन हेतु एक न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए किया जाता है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–24/07/2023 द्वारा अनुमोदन के पश्चात बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए **श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी, ग्राम+पोस्ट–चेचाढ़ी, जिला–औरंगाबाद** के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक विकास के लिए नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम''**श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, ग्राम+पोस्ट–चेचाढ़ी, जिला–औरंगाबाद**''होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम''**श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास समिति, ग्राम+पोस्ट–चेचाढ़ी, जिला–औरंगाबाद**''जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. न्यास के खाता का संचालन न्यास समिति के दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों, धारा– 59, 60 एवं 70 का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्ठभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अर्हता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपलब्धता की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष करेंगे।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों / निर्णयों को मूर्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

16. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मंदिर के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

18. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो, उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति गठित की जाती हैः–

1. अंचलाधिकारी, ओबरा, जिला– औरंगाबाद	– अध्यक्ष
2. श्री मुनीराम दूबे पिता–स्व0 काशीनाथ दूबे, ग्रा०+पो०–खैरदीप, था०–दाउदनगर, औरंगाबाद	– उपाध्यक्ष
3. श्री दिनेश लाल गोपाल पिता– वंशगोपाल लाल, लाला बिगहा, तेन्दुआ, औरंगाबाद	– सचिव
4. श्री अविनाश कुमार, पिता–श्री परमेश्वर यादव, चेचाढ़ी, औरंगाबाद (7739254088)	– कोषाध्यक्ष
5. श्री नंदालाल चौधरी, पिता–स्व0 मुनीलाल चौधरी, जमुहारा, चेचाढ़ी, ओबारा, औरंगाबाद	– सह कोषाध्यक्ष
6. श्रीमति लक्ष्मी कुमारी, पति–मिथलेश पासवान, जमुहारा, चेचाढ़ी, ओबारा, औरंगाबाद	– सदस्य
7. श्री राजेन्द्र सिंह, पिता–स्व0 देवकी सिंह, ग्रा०+पो०– चेचाढ़ी, था०– ओबरा, औरंगाबाद	– सदस्य
8. श्री शिवशंकर सिंह, पिता–श्री जितेन्द्र सिंह, ग्रा०+पो०– चेचाढ़ी, था०– ओबरा, औरंगाबाद	– सदस्य
9. श्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी, पिता–रामदेव पाठक, ग्रा०+पो०– चेचाढ़ी, था०– ओबरा, औरंगाबाद	– सदस्य
10. श्री महेन्द्र पाठक, श्री राम जानकी मंदिर, चेचाढ़ी, औरंगाबाद	– पुजारी

उक्त आदेश के आलोक में **राजस्व अभिलेख में ''श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी न्यास योजना, ग्राम+पोस्ट–चेचाढ़ी, जिला–औरंगाबाद**''के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

नोटः–न्यास समिति पुजारी, श्री महेन्द्र पाठक को 6,000/–रू0 प्रतिमाह देगी और महेन्द्र पाठक मंदिर में स्थित केवल दो कमरों में हीं अपना निवास कर सकेंगे, जबतक कि उनका खुद का मकान नहीं बन जाता है और दो अन्य कमरे न्यास समिति के कब्जे में दे और न्यास समिति को एक मात्र अधिकार मंदिर की सभी भूमि को अधिक से अधिक 02 वर्ष के लिए बंदोबस्ती करने के लिए रहेगा और न्यास समिति इस संबंध में एक रजीस्टर का संधारण करेगी।

उस पंजीमें बंदोबस्ती दिये जाने वाले व्यक्ति का नाम, खाता, खेसरा और एरिया तथा प्रतिवर्ष बंदोबस्ती की राशि और कितने दिनों तक दी जायेगी, उसका विस्तृत विवरण हो। समिति शीघ्र पर्षद से प्रमाण पत्र प्राप्त करके मंदिर के नाम से खाता खोलेगी और उसी खाता में मंदिर के विभिन्न श्रोतों से प्राप्त आय को जमा करे और उसमें से निकासी कर खर्च की जायेगी।

नोटः—उक्त अधिसूचना पर्षद द्वारा अनुमोदित है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

23 सितम्बर 2023

सं0 2284——**माँ सतखण्डी(सत्यचण्डी) मंदिर, ग्राम– रायपुरा, पोस्ट– राम विलास नगर, थाना+जिला–औरंगाबाद**, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है। इसकी निबंधन सं0–4718 / 23 है।

उक्त मंदिर के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी से एक प्रतिवेदन दिनांक–10 / 10 / 2022 को प्राप्त हुयी, जिसमें उल्लेख किया गया कि थाना– 260, खाता– 133, कुल रकबा– 19.53 एकड़ है, जो गैर मजरूआ मालिक पहाड़ दर्ज है, जिसमें माँ सत्यचंडी मंदिर है और पुर्व काल से लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुयी है। तदनुसार मंदिर का निबंधन कर समिति गठन की कार्यवाही की जाय। स्थानीय लोगों के द्वारा दिनांक– 10 / 07 / 2022 को एक आम सभा करके 11 व्यक्तियों के नामों का प्रस्ताव पर्षद में उपलब्ध कराया गया है। उक्त प्रस्ताव के संबंध में किसी प्रकार का कोई आपत्ति अभी तक नहीं प्राप्त हुयी है। मंदिर का फोटोग्राफ भी समर्पित किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मंदिर काफी प्राचीन एवं ऐतिहासिक है तथा काफी वृहद क्षेत्र में विस्तृत है।

उपस्थित सदस्यों का कहना है कि साल भर में छः मेला लगता है, जिसमें काफी श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। कुछ दुकानें भी लगायी जाती है, जिससे किराये आदि की वसुली की जाती है।

उपरोक्त परिस्थिति में मंदिर के प्रबंधन एवं सुरक्षा हेतु एक योजना का निरूपण करते हुए इसके कार्यान्वयन हेतु न्यास समिति का गठन अस्थायी रूप से 01 वर्ष के लिए करने का निर्णय लिया जाता है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–19 / 07 / 2023के आलोक मेंबिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए **माँ सतखण्डी (सत्यचण्डी) मंदिर, ग्राम– रायपुरा, पोस्ट– राम विलास नगर, थाना+जिला–औरंगाबाद**के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक विकास के लिए नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम"**माँ सतखण्डी (सत्यचण्डी) मंदिर न्यास योजना, ग्राम– रायपुरा, पोस्ट– राम विलास नगर, थाना+जिला–औरंगाबाद**"होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम"**माँ सतखण्डी (सत्यचण्डी) मंदिर न्यास समिति, ग्राम– रायपुरा, पोस्ट– राम विलास नगर, थाना+जिला–औरंगाबाद**"जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. न्यास के खाता का संचालन न्यास समिति के दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5. मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

6. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

7. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों, धारा– 59, 60 एवं 70 का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अह्र्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपलब्धता की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष करेंगे।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों / निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यों को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

16. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मंदिर के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

18. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो, उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति एक वर्ष के लिए अस्थायी रूप से गठित की जाती हैः–

01. श्री राम प्रवेश मिश्र रविकर	–	अध्यक्ष
02. श्री अरूण कुमार सिंह	–	उपाध्यक्ष
03. श्री अमरेश कुमार सिंह	–	उपाध्यक्ष
04. श्री राजेन्द्र सिंह	–	सचिव
05. श्री राहुल कुमार	–	सह–सचिव
06. श्री सुरेन्द्र सिंह	–	कोषाध्यक्ष
07. श्री अवध बिहारी सिंह	–	सदस्य
08. श्री अखिलेश पासवान	–	सदस्य
09. श्री रविकर संजय मिश्र	–	सदस्य
10. श्री शिवरक्षया सिंह	–	सदस्य
11. श्री विगन राम	–	सदस्य

सभी का पता–ग्राम– रायपुरा, पोस्ट– राम विलास नगर, थाना+जिला– औरंगाबाद।

उक्त आदेश के आलोक मेंं**राजस्व अभिलेख में ''माँ सतखण्डी (सत्यचण्डी) मंदिर, ग्राम– रायपुरा, पोस्ट– राम विलास नगर, थाना+जिला–औरंगाबाद**''के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति / पदाधिकारी / सदस्य को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

नोटः–न्यास समिति को निर्देश दिया जाता है कि शीघ्र पर्षद से प्रमाण–पत्र प्राप्त कर मंदिर के नाम से बैंक में खाता खोलें एवं प्रत्येक प्रकार की आय के संबंध में एक पंजी (रजिस्टर) का संधारण करें, ताकि मंदिर की व्यवस्था में पारदर्शिता हो तथा पर्षद द्वारा मांगे जाने पर उपस्थापित किया जा सके।

नोटः–उक्त अधिसूचना पर्षद द्वारा अनुमोदित है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

————————

13 दिसम्बर 2023

सं0 3141––**माँ जगदम्बा मंदिर, ग्राम–नरौली, पोस्ट–करौटा, थाना–सालिमपुर, जिला–पटना,** बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है। इसकी निबंधन सं0–3966 है।

उक्त न्यास की सुव्यवस्था हेतु समय–समय पर न्यास समिति गठित की जाती रही है। इसी क्रम में पर्षदीय अधिसूचना दिनांक–15/01/2020 द्वारा 09 सदस्यीय न्यास समिति का गठन किया गया था। इसमें श्री अनिल कुमार सिंह को उपाध्यक्ष के रूप में मान्यता प्रदान की गयी। श्री अनिल कुमार सिंह द्वारा विभिन्न पदाधिकारियों को एवं पर्षद में स्वयं को सचिव के रूप में दावा किया जाता रहा तथा विभिन्न पत्र भी उसी के आलोक में लिखे गये, जो पुर्ण रूप से पर्षद के आदेश की अवहेलना प्रतीत हो रही थी। उक्त अनिल कुमार सिंह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में एक याचिका CWJC No.-4315/20 लाया गया, जो पक्षों को सुनवायी के उपरांत दिनांक– 02/08/2023 को निरस्त हुआ और याची अनिल कुमार सिंह के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 हजार रू० अर्थ–दण्ड लगाया गया तथा पर्षद को नये सिरे से न्यास समिति गठित किये जाने का निर्देश दिया गया।

माननीय उच्च न्यायालय पटना के उपरोक्त निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ से उक्त मंदिर के प्रबंधन एवं व्यवस्था हेतु आदेश की प्रति संलग्न करते हुये अच्छे धार्मिक चरित्र के व्यक्तियों के नामों की मांग पर्षदीय पत्रांक– 2281, दिनांक– 23/09/2023 द्वारा किया गया। माननीय उच्च न्यायालय पटना के निर्देश के आलोक में भेजे गये उपरोक्त पत्र के

संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ द्वारा अपने पत्रांक– 2753, दिनांक– 12/10/2023 को पर्षद को 10 व्यक्तियों के नाम का प्रस्ताव न्यास समिति गठित किये जाने हेतु दिया गया। अपने पत्र के साथ प्रस्तावित नामों का आधार कार्ड तथा उनके घोषणा–पत्र, कि ''उनके विरूद्ध किसी प्रकार का कोई अपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं है।'' की प्रति संलग्न करते हुये पर्षद को दिनांक 19/10/2023 को प्राप्त हुआ।

उपरोक्त परिस्थितियों पर विचारोपरांत उक्त मंदिर की व्यवस्था, प्रबंधन हेतु निम्न योजना का निरूपण करते हुये अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ द्वारा प्रस्तावित नामों की न्यास समिति का गठन पांच वर्ष के लिए की जाती है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–30/10/2023 द्वारा अनुमोदन के पश्चातबिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए**माँ जगदम्बा मंदिर, ग्राम– नरौली, पोस्ट–करौटा, थाना– सालिमपुर, जिला–पटना**के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक् विकास के लिए नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठन किया जाता है।

योजना

1. अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम''**माँ जगदम्बा मंदिर न्यास योजना, ग्राम– नरौली, पोस्ट–करौटा, थाना– सालिमपुर, जिला–पटना**''होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम''**माँ जगदम्बा मंदिर न्यास समिति, ग्राम– नरौली, पोस्ट–करौटा, थाना– सालिमपुर, जिला–पटना**''जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2. न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3. न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4. न्यास के खाता का संचालन न्यास समिति के दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5. मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

6. मंदिर / मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

7. दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

8. न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9. न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों, धारा– 59, 60 एवं 70 का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अह्र्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपलब्धता की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष करेंगे।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों / निर्णयों को मूर्त्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मंदिर के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

17. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो, उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

18. अधिनियम की धारा– 44 के अन्तर्गत न्यासी / न्यासधारी / न्यास समिति को केवल यह अधिकार है कि संबंधित मंदिर की भूमि को अधिक–से–अधिक तीन (03) वर्ष के लिए बंदोवस्ती हेतु दे सकते हैं। मंदिर की भूमि को विक्रय

करने, किसी प्रकार से बंधक, रेहन या तीन (03) से अधिक के लिए लीज पर देने का अधिकार समिति को नहीं होगा। जबतक की पर्षद से उनके प्रस्ताव को बहुमत द्वारा अनुमति नहीं प्राप्त हो जाय।

19. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति पांच वर्षों के लिए गठित की जाती हैः–

1. अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़, जिला–	– अध्यक्ष
2. श्री मृत्यंजय कुमार पिता– स्व० हरेंद्र प्रसादसिंह	– उपाध्यक्ष
3. श्री अरविन्द कुमार पिता– श्री सरयुग सिंह	– सचिव
4. श्री ओम प्रकाश पिता– स्व० नरेंद्र प्रसाद सिंह	– कोषाध्यक्ष
5. श्री राजेश्वर सिंह पिता– स्व० राम प्रसाद सिंह	– सदस्य
6. श्री अरूण कुमार सिंह पिता– स्व० बृजनंदन सिंह	– सदस्य
7. श्री परशुराम सिंह पिता– स्व० अर्जुन सिंह	– सदस्य
8. श्री श्रवण सिंह पिता– स्व० नागो सिंह	– सदस्य
9. श्रीशशि रंजन कुमार पिता– स्व० एतवारी मोची	– सदस्य
10. श्री बैजु प्रसाद पिता– स्व० बद्री प्रसाद	– सदस्य
11. श्रीमति गौरी देवी पति– स्व० मोची रजक	– सदस्य

सभी का पता– ग्राम– नरौली, पोस्ट– करौटा, थाना– सालिमपुर, जिला– पटना।

उक्त आदेश के आलोक में**राजस्व अभिलेख में "माँ जगदम्बा मंदिर, ग्राम– नरौली, पोस्ट–करौटा, थाना– सालिमपुर, जिला–पटना**"के नाम में किसी प्रकार को कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः–न्यास समिति / पदाधिकारी / सेवायत / न्यासधारी को न्यास की किसी भी सम्पत्ति / भूमि का हस्तान्तरण / बदलैन / विक्रय / पट्टा / लीज आदि पर देने या किसी प्रकार से न्यास सम्पत्ति का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। अगर वे ऐसा करते हैं तो शुन्य वो अवैध होगा तथा न्यास समिति के विरूद्ध विधि–सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

आदेश

6 फरवरी 2023

सं0 3838––**परमहंस स्वामी परमेश्वरानंदजी महाराज आध्यात्मिक व लोक सेवा ट्रस्ट, रायपुर चोर, दक्षिण कुटिया, थाना+अंचल–शिवसागर, जिला–रोहतास**, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–34 के अन्तर्गत निबंधित सार्वजनिक धार्मिक न्यास है, जिसकी निबंधन सं०–4656/22 है।

उक्त मठ के विषय में श्री ईश्वरानंदजी का कहना है कि दिनांक–17/09/2015 को स्वामी स्वरूपानंदजी का स्वर्गवास हो गया। उनके द्वारा पुर्व में हीं दिनांक–12/07/2014 को गुरू पुर्णिमा के दिन आवेदक को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने की इच्छा व्यक्त की थी। उक्त के आलोक में ट्रस्ट के सदस्यों, भक्तों, शिष्यों व अन्य सहयोगियों की आपात बैठक आहुत की, जिसमें स्वामी स्वरूपानंद जी की इच्छानुसार, सर्वसम्मति से स्वामी ईश्वरानंदजी को ट्रस्ट का मुख्य ट्रस्टी नियुक्त किया गया। इससे संबंधित निबंधित विलेख दिनांक–20/10/2015 को निष्पादित किया गया, जिसमें पुर्व ट्रस्टी उपाध्यक्ष, श्री हरप्रेमानंदजी–सचिव, महात्मा ध्यानानंदजी तथा कोषाध्यक्ष, महात्मका रामानंदजी के उक्त विलेख में गवाह के रूप में हस्ताक्षर भी है। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उक्त आश्रम के संबंध में कोई दावा भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

उपरोक्त परिस्थितियों तथा उक्त निबंधित विलेख के आलोक में **स्वामी ईश्वरानंदजी को परमहंस स्वामी परमेश्वरानंदजी महाराज आध्यात्मिक व लोक सेवा ट्रस्ट,रायपुर चोर, दक्षिण कुटिया, थाना+अंचल–शिवसागर, जिला–रोहतास, का अस्थायी न्यासधारी, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा–33 के तहत निम्नांकित शर्त्तों के साथ नियुक्त किया जाता है।**

1. **परमहंस स्वामी परमेश्वरानंदजी महाराज आध्यात्मिक व लोक सेवा ट्रस्ट, रायपुर चोर, दक्षिण कुटिया, थाना+अंचल–शिवसागर, जिला–रोहतास**, के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में 15 दिनों के अन्दर खाता खोलें तथा पास बुक दाखिल करें।
2. मंदिर में जो पीली और सफेद धातु चढ़ाई जाती है, उसको एक अलग रजिस्टर में प्रत्येक दिन के आय को अंकित करेंगे।
3. ये न्यास की सम्पत्ति का संरक्षण करेंगे।
4. यदि कोई चल या अचल सम्पत्ति किसी के द्वारा अधिगृहित या अतिक्रमित है, तो उसे, वापस लाने के लिए कानूनी कार्रवाई करेंगे।

5. ये न्यास की चल या अचल सम्पत्ति का हस्तांतरण (विक्रय), बदलैन या लीज अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के विपरित किसी के पक्ष में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अनुमति के बिना नहीं करेंगे। अगर किसी प्रकार का हस्तांतरण बदलैन या लीज किया जाता है तो वह अवैध एवं अमान्य होगा तथा आपराधिक विचारण प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।
6. सम्पत्तियों का दुरूपयोग या स्वार्थवश उपयोग नहीं करेंगे।
7. किसी भी अपराधिक कृत्य में संलिप्त नहीं रहेंगे।
8. 10,000/– (दस हजार) रू0 से अधिक राशि का खर्च चेक के माध्यम से करेंगे।
9. प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरांत विगत वर्ष में प्राप्त आय–व्यय, पर्षद को देय शुल्क, विकासात्मक कार्यों (फोटो) आदि का सम्यक् प्रेषण पर्षद को करेंगे।
10. अंचल के भू–राजस्व में भूमि **"श्री परमहंस स्वामी परमेश्वरानंदजी महाराज आध्यात्मिक व लोक सेवा ट्रस्ट,रायपुर चोर, दक्षिण कुटिया, थाना+अंचल–शिवसागर, जिला–रोहतास"** के नाम का इन्द्राज लगातार रहेगा, उसमें कोई नामान्तरण व संशोधन नहीं होगा।
11. अधिनियम की धारा– 59, 60 और 70 के तहत प्रत्येक वर्ष बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, पर्षद को देय शुल्क आदि अनिवार्य रूप से पर्षद में जमा करेंगे तथा अपनी शाखाओं में यदि किसी अन्य प्रबंधक आदि की नियुक्ति की जाती है, तो उसके भी हस्ताक्षार के साथ सूचना व जानकारी अवश्य पर्षद में समर्पित करेंगे।

आदेश से,
अखिलेश कुमार जैन, अध्यक्ष।

———————

अधिसूचनाएं
29 नवम्बर 2023

सं0 3019––**श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर, राजापुर पुल, जिला–पटना,** बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 34 के अन्तर्गत निबंधित एक सार्वजनिक धार्मिक न्यास है। इसकी निबंधन सं0–535 है।

उक्त न्यास की व्यवस्था हेतु पुर्व में पर्षदीय ज्ञापांक–1989, दिनांक–27/07/2005 द्वारा एक न्यास समिति गठित की गयी थी। न्यास समिति का कार्य संतोषजनक नहीं पाते हुये पुनः एक न्यास समिति का गठन पर्षदीय अधिसूचना ज्ञापांक–1454, दिनांक– 13/12/2007 द्वारा किया गया। उक्त समिति का गठन 05 वर्ष हेतु किया गया था। पुनः पर्षदीय पत्रांक–509, दिनांक 17/09/2013 द्वारा न्यायमुर्ति श्री पी०के० सिन्हा (अवकाश प्राप्त, पटना उच्च न्यायालय) की अध्यक्षता में न्यास समिति का गठन किया गया। उक्त समिति में श्री राज किशोर दासजी को सचिव के रूप में मान्यता दी गयी थी। श्री राज किशोर दासजी का स्वर्गवास दिनांक– 31/10/2015 को हो गया। उनके स्वर्गवास के उपरांत श्री सुरेश चंद्र शास्त्री को सचिव के रूप में कार्य करने की अनुमति, न्यास समिति के प्रस्ताव के आलोक में दी गयी। पुर्व में उन्हें अधिनियम की धारा–33 के अन्तर्गत अस्थायी न्यासधारी नियुक्त किया गया था। उक्त समय–सीमा पुर्व में समाप्त हो चुकी है। पर्षदीय पत्रांक–1947, दिनांक– 13/02/2019 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, पटना से न्यास समिति गठन हेतु नामों की मांग की गयी। इस बीच दो वर्ष कोरोना महामारी के कारण न्यास समिति का गठन लंबित रहा और न हीं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नाम उपलब्ध कराया गया। महंत श्री सुरेश चंद्र शास्त्री द्वारा दिनांक– 21/10/2021 को ग्यारह व्यक्तियों के नाम का प्रस्ताव अपने हस्ताक्षर से दिया, जो कि किसी आम सभा द्वारा पारित नहीं था। पुनः श्री शास्त्री द्वारा एक आम सभा दिनांक–16/10/2022 को करके अपने पत्र दिनांक– 19/10/2022 को ग्यारह व्यक्तियो के नाम का प्रस्ताव दिया। इसी बीच दिनांक– 09/01/2023 को श्री ललित कुमार झुनझुनवाला द्वारा 12 व्यक्तियों के नाम का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। उक्त दोनों सूची को चरित्र–सत्यापान हेतु भेजा गया। पुनः दिनांक– 21/01/2023 को श्री शास्त्री द्वारा एक बैठक कर ग्यारह नाम का प्रस्ताव दिनांक 10/07/2023 को दिया गया। उक्त सूची में पुर्व में उनके द्वारा जो प्रस्ताव दिनांक–19/10/2022 को दिया गया था, उसमें से कुछ नामों में संशोधन किया गया।

पर्षद का मंतव्य है कि मंदिर एक धार्मिक स्थल होता है। उसमें भक्तों की श्रद्धा एवं विकास तभी होता है, जब उसकी व्यवस्था कर रहे लोग आपस में सामंजस्य एवं सहयोग करें। इस संबंध में दोनों पक्षों को निर्देश दिया गया कि यदि वह उचित समझे तो एक–दुसरे की सूची में से कुछ उचित नामों (कॉमन नाम) को चिन्हित कर पर्षद को उपलब्ध करावें, ताकि न्यास समिति का गठन किया जा सके। परंतु श्री शास्त्री जी का कथन है कि उनके द्वारा समर्पित नामों की सूची की ही समिति गठित की जाय। जबकि दुसरे पक्ष श्री झुनझुनवाला जी का कथन है कि अब विवाद के कारण वे समिति में नहीं रहना चाहते हैं, परंतु प्रमाणी संप्रदाय से आने वाले सदस्यों को ही समिति में रखा जाय।

श्री शास्त्री जी द्वारा न्यास समिति हेतु चार सूची दिनांक– 04/01/2021, दिनांक– 20/10/2021, दिनांक–19/10/2022 (बैठक दिनांक– 16/10/2022) एवं दिनांक–10/07/2023 (आम सभा की बैठक दिनांक–21/01/2023) को प्रत्येक सूची में ग्यारह–ग्यारह नाम उपलब्ध करायी गयी। इस पर विचारोपरांत निम्न व्यक्तियों की न्यास समिति गठन करने का निर्णय लिया जाता है।

अतः पर्षदीय आदेश दिनांक–16/10/2023 द्वारा अनुमोदन के पश्चातबिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा– 32 में एवं धार्मिक न्यास पर्षद की उपविधि सं0– 43 (द) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए का प्रयोग करते हुए**श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर, राजापुर पुल, जिला– पटना**के सुचारू प्रबंधन, सम्पत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक विकास के लिए नीचे लिखे योजना का निरूपण तथा इसे मूर्त्त रूप देने के लिए एक न्यास समिति का गठनकिया जाता है।

योजना

1.अधिनियम की धारा– 32 के तहत निरूपित इस योजना का नाम''**श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर न्यास योजना, राजापुर पुल, जिला– पटना**''होगा तथा इसके कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित न्यास समिति का नाम''**श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर न्यास समिति, राजापुर पुल, जिला– पटना**''जिसमें न्यास की समग्र चल–अचल संपत्ति के संधारण एवं संचालन का अधिकार निहित होगा।

2.न्यास समिति न्यास के सुचारू प्रबंधन के साथ–साथ पूजा–अर्चना, राग–भोग, अतिथि–सेवा आदि समस्त धार्मिक आचारों का सम्यक संचालन सुनिश्चित करेगी।

3.न्यास की समग्र आय के लेखा का सम्यक् संधारण किया जायेगा और राष्ट्रीयकृत बैंक में न्यास के नाम से खाता खोलकर जमा तथा आवश्यकतानुसार राशि निकासी कर व्यय किया जायेगा।

4.न्यास के खाता का संचालन न्यास समिति के दो सदस्यों (अध्यक्ष / सचिव एवं कोषाध्यक्ष) के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

5.मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जायेगा और मंदिर की गरिमा को अक्षुण्ण रखा जायेगा। महिला दर्शनार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

6.मठ परिसर में जगह–जगह भेंट–पात्र रखे जायेंगे, जिसमें दान एवं चढ़ावे की राशि डाली जायेगी, जो निर्धारित तिथि को न्यास समिति द्वारा अधिकृत दो सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी और सही गणना कर प्राप्त राशि को बैंक में जमा किया जायेगा।

7.दाताओं से प्राप्त होने वाले राशि के लिए उन्हें रसीद दी जायेगी और सत्यापित पंजी में दर्ज कर उन्हें बैंक में जमा की जायेगी।

8.न्यास समिति द्वारा मठ / मन्दिर के पुजारी की अर्हता का निर्धारण एवं नियुक्ति की जायेगी एवं उनके वेतन का भुगतान न्यास कोष से होगा।

9.न्यास समिति यह सुनिश्चित करेगी कि मठ / मन्दिर परिसर में भक्तों का शोषण नहीं हो और पूजा के नाम पर उनसे जबरन बसूली नहीं हो।

10. न्यास समिति, बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम एवं उप विधि में वर्णित नियमों, धारा– 59, 60 एवं 70 का अनुपालन करते हुए बजट, आय–व्यय विवरणी, अंकेक्षित प्रतिवेदन, कार्यवृत आदि का पर्षद को सम्यक प्रेषण करेगी।

11. न्यास समिति के कोई सदस्य यदि न्यास हित के प्रतिकूल कार्य करेंगे या न्यास की परिसम्पत्तियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष लाभ उठाते हुए पाये जायेंगे अथवा आपराधिक पृष्टभूमि के होंगे, तो उनके सदस्य बने रहने की अह्र्ता समाप्त हो जायेगी।

12. न्यास की आय–व्यय में आर्थिक शुचिता एवं पारदर्शिता रखना न्यास समिति की असली कसौटी होगी।

13. अध्यक्ष की अनुमति से सचिव प्रत्येक तिमाही में बैठक बुलायेंगे। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष करेंगे और निर्णय बहुमत के आधार पर होगा। अध्यक्ष की अनुपलब्धता की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष करेंगे।

14. सचिव, समिति द्वारा पारित प्रस्तावों / निर्णयों को मूर्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे और कोषाध्यक्ष आय–व्यय के लेखा संधारण एवं पर्यवेक्षण के उत्तरदायी होंगे।

15. जिन विषयों का उल्लेख इस योजना में नहीं हो और मंदिर के हित में आवश्यक हो, तो उन बिन्दुओं पर न्यास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर पर्षद के पास अनुमोदन हेतु भेजेगी।

16. गोवंश एवं अन्य पशुओं और उनके प्रति होने वाली क्रुरता, पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 (पी०सी०ए०) की धारा– 11, भारतीय दण्ड विधान (I.P.C.) की धारा– 428, 429 के तहत दंडनीय अपराध बनाया गया है। न्यास / मठ / मंदिर परिसर में रहने वाले पशुओं (गोवंश / गोधन) को बेसहारा खुला छोड़ना / भोजन नहीं देना / ऐसा कोई कृत्य, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः करना, जिसका उद्देश्य ''पशु की क्रुरता या वध'' होता हो या उक्त कार्यो को बढ़ावा मिलता हो, ऐसा कोई कृत्य न्यासधारी / सेवायत / महंत / न्यास समिति के सदस्यों द्वारा नहीं किया जायेगा।

17. इस योजना में परिवर्तन, परिवर्द्धन या संशोधन तथा आकस्मिक रिक्तियों की पूर्ति का अधिकार पर्षद में निहित होगा।

18. न्यास समिति के सदस्य की यदि कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी या वे आपराधिक काण्ड में आरोप–पात्रित होंगे तो, उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

19. अधिनियम की धारा– 44 के अन्तर्गत न्यासी / न्यासधारी / न्यास समिति को केवल यह अधिकार है कि संबंधित मंदिर की भूमि को अधिक–से–अधिक तीन (03) वर्ष के लिए बंदोवस्ती हेतु दे सकते हैं। मंदिर की भूमि को विक्रय करने, किसी प्रकार से बंधक, रेहन या तीन (03) से अधिक के लिए लीज पर देने का अधिकार समिति को नहीं होगा। जबतक की पर्षद से उनके प्रस्ताव को बहुमत द्वारा अनुमति नहीं प्राप्त हो जाय

पर्षद द्वारा निरूपित योजना को मूर्त रूप देने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की न्यास समिति गठित की जाती हैः–

